दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 524



## संक्षिप्त खबरें ।

### दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर लगाए गंभीर आरोप, सेना बोली 'रख रहे हैं पैनी नजर'



लोक तंत्र की आवाज़

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की तरफ से सोमवार को कहा गया है कि उसे ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया अब उपयोग में नहीं लाई जा रही अंतर कोरियाई सड़कों के उत्तरी हिस्सों को नष्ट करने की तैयारी कर रहा है। दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया के क्षेत्रों में ड्रोन भेजे जाने के उसके दावे के बाद दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ गया है। अंतर कोरियाई सड़कों को नष्ट करने की कार्रवाई, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की दक्षिण कोरिया के साथ संबंध समाप्त करने तथा उसे औपचारिक रूप से अपने देश का प्रमुख शत्रु घोषित करने की उनकी कोशिश के अनुरूप होगी।

**नजर रख रही है दक्षिण कोरिया की सेना:** दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को कहा कि वह उत्तर कोरिया में विभिन्न गतिविधियों पर नजर रख रही है, जो सड़कों को ध्वस्त करने की तैयारी प्रतीत होती हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता ली सुंग जून ने बताया, ''उन्होंने सड़क पर आवरण लगा दिया है और वो इसी आवरण के पीछे काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सोमवार को ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है। ली ने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना का मानना है कि उत्तर कोरिया अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपित करने का भी प्रयास कर सकता है।

**उत्तर कोरिया ने लगाया आरोप:** यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर इस महीने तीन बार उसके क्षेत्र में ड्रोन भेजने का आरोप लगाया है। उसने धमकी दी है कि अगर ऐसी घटना फिर हुई तो वह जबर्दस्त कार्रवाई करेगा। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि सेना ने दक्षिण कोरिया की सीमा के पास तैनात सशस्त्र सैनिकों और अन्य सैन्य इकाइयों को आदेश जारी किया है कि वो 'गोली चलाने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

# नीतीश फिर मारेंगे पलटी ? उत्तरप्रदेश से आई गुड न्यूज

लोक तंत्र की आवाज़

**आरा।** एक बार फिर पलटी मारेंगे ? यह सवाल कई दिनों से बिहार की सियासी गलियारों में तैर रही है। फिलहाल इसका जवाब किसी के पास नहीं है। पक्ष–विपक्ष के नेता के साथ राजनीतिक पंडित भी इस सवाल के जवाब देने से कतरा रहे हैं, लेकिन चर्चा तेज है। कहने वाले तो ये भी कह रहे हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कुछ भी हो सकता है, यही कारण है कि ऑफर के साथ–साथ अब तो बुलाया भी जा रहा है।अखिलेश ने की गठबंधन तोड़ने की मांगदरअसल, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने तीन रोज पहले ही नीतीश कुमार से बीजेपी से समर्थन वापस लेने की मांग की थी। इसके बाद से ही बिहार में सियासत तेज है।

कहने वाले तो कह रहे हैं कि अखिलेश यादव यूं ही गठबंधन तोड़ने की मांग नहीं की है, इसके पीछे की सियासत जेडीयू और बीजेपी के लोग भी जानते हैं। हालांकि अखिलेश यादव के बयान के तुरंत बाद जेडीयू ने भी पलटवार किया, जिसके बाद दोनों पार्टियों बहस छिड़ गई।क्या है पूरा मामला 11 अक्टूबर को जयप्रकाश नारायण (जेपी) की जयंती पर यूपी

**बिहार में सियासी 'खेला' की तैयारी शुरू!**



पुलिस ने अखिलेश को जेपीएनआईसी जाने से रोका दिया। इस घटना के बाद अखिलेश यादव फायर हो गए और उन्होंने तत्काल नीतीश कुमार से केंद्र में मोदी सरकार से समर्थन वापस लेने की मांग कर दी। अखिलेश यादव के इस मांग पर जेडीयू नेताओं ने कड़ी निंदा की और कांग्रेस सरकार के समय लागू आपातकाल की याद भी दिला दी।जेडीयू ने अखिलेश यादव पर किया पलटवारजेडीयू नेता केसी त्यागी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जयप्रकाश नारायण का आंदोलन कांग्रेस की तानाशाही के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि25 जून (1975) को इमरजेंसी लगाई गई थी। उस समय अभिव्यक्ति की कोई स्वतंत्रता नहीं थी। अखिलेश यादव की टिप्पणी अनुचित है। हम अखिलेश यादव को याद दिलाना चाहते हैं कि उनके पिता और नीतीश कुमार को जिस सरकार ने जेल में रखा, उनकी आजादी को खत्म किया, उस कांग्रेस से अखिलेश को अपने रिश्ते खत्म कर देने चाहिए।

अखिलेश यादव राजनीति कर रहेजेडीयू ने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है, जिसमें समाजवादी पार्टी भी शामिल है। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, जिसमें अखिलेश यादव की सपा को 37 और कांग्रेस को छह सीटें मिली थीं। जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह जेपी के नाम पर राजनीति तो करते हैं, लेकिन उनके सिद्धांतों का पालन नहीं करते। नीतीश कुमार जरूरी क्यों ?जेपी के नाम पर ही सही, अखिलेश यादव ने अपनी इच्छा तो बता ही दी। ऐसे में अब सवाल उठता है कि नीतीश कुमार जरूरी क्यों हैं? दरअसल, 2025 में बिहार में चुनाव होना है। पक्ष हो या विपक्ष, दोनों जानते हैं नीतीश कुमार जिस ओर रहेंगे सरकार उसकी ही बनेगी। 2015 और 2020 का चुनाव इसका उदाहरण है। जेडीयू आरजेडी के साथ रही तो नीतीश–तेजस्वी की सरकारी बनी। और बीजेपी के साथ रही तो एनडीए की सरकार बनी। यही कारण है अखिलेश जेपी के बहाने नीतीश कुमार को इंडिया में आने का ऑफर दे रहे हैं, ताकि 2025 के साथ–साथ 2027 को भी साधा जा सके। बता दें कि 2027 में यूपी में असेंबली इलेक्शन होना है।

# पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती, कहा-24 घंटे में नेटवर्क करे ही खत्म कर देंगे



लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** महाराष्ट्र में एनसीपी पार्टी के अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली अज्ञात अपराधियों द्वारा शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हादसे में बाबा सिद्दीकी को तीन गोलियां लगीं. वहीं इस मामले को लेकर अब सियासत भी तेज हो गई है. इस बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिय पर एक पोस्ट करके ली है. इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई का नाम सामने आते ही फिल्म अभिनेता सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई. वहीं पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए लॉरेंस बिश्नोई को 'दो टके का अपराधी' बताया है।

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव इस घटना के लिए महाराष्ट्र सरकार पर आलोचना करते हुए एक पोस्ट शेयर करते हुआ लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज.. एक अपराधी जेल में बैठकर लोगों को चुनौती दे रहा है और लोगों को मार रहा है. फिर भी सब मुकदर्शक बने हैं. कभी मूसेवाला, कभी करणी सेना के मुखिया अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला. अपने पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि कानून अगर अनुमति दे तो 24घंटे में इस लारेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।

पप्पू यादव ने अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र सरकार पर हमला बोलते हुए लिखा कि महाराष्ट्र में महाजंगलराज है. सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी जी की हत्या इसका शर्मनाक प्रमाण ! बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है. बीजेपीगठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है. तो अमलोगों का क्या होगा ? बता दें कि बाबा सिद्दीकी ती हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. वहीं एक की तलाश जारी है।

# शेर आया, शेर आया, बीजेपी विधायक को थप्पड़ मारने वाले वकील के स्वागत में खूब लगे नारे

लोक तंत्र की आवाज़

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में कुछ दिन पहले भाजपा विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारने वाले वकील का रविवार को एक कार्यक्रम में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वकील अवधेश सिंह के स्वागत में ' देखो देखो कौन आया, शेर आया–शेर आया' के नारे गूंजते हुए सुनाई दिए। करणी सेना द्वारा शहर के मैरिज हॉल में आयोजित 'शस्त्र पूजन' कार्यक्रम में कई पदाधिकारियों और सदस्यों के अलावा वरिष्ठ वकील और जिला बार एसोसिएशन (DBA) के अध्यक्ष अवधेश सिंह भी शामिल हुए।

अवधेश सिंह के पहुंचते ही जोरदार नारेबाजी होने लगी जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान करणी सेना के सदस्यों ने अवधेश सिंह के पक्ष में 'शेर आया, शेर आया' के नारे लगाए हालांकि सिंह ने उनसे शांत रहने और धैर्य रखने का आग्रह किया।



**नाराज विधायक ने सुरक्षा वापस की**

शिकायत के बाद पुलिस ने मैरिज हाल के मालिक को नोटिश जा कर दो दिन में जवाब देने के लिए कहा है। वहीं, वकील अवधेश सिंह पर कार्रवाई न होने से नाराज भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने भी अपनी सुरक्षा वापस की। साथ ही उन्होंने थाने से तहरीर भी वापस मंगाई है। विधायक को मनाने पहुंचे सीओ सिटी और एडिशनल एसपी को भी विधायक के घर से बेरंग लौटना पड़ा, विधायक योगेश ने मिलने से साफ इनकार कर दिया। इस घटना के बाद व्यापारियों में भी आक्रोश है।

**जानें क्या था पूरा मामला:** अवधेश सिंह ने 9 अक्टूबर को नगरीय सहकारी बैंक (यूसीबी) के चुनाव प्रक्रिया के दौरान बैंक मुख्यालय में लखीमपुर के सदर योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। चुनाव में विधायक योगेश वर्मा और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान वायरल हुए वीडियो में अवधेश सिंह सदर विधायक को थप्पड़ मारते दिखे थे। इसके बाद सिंह के समर्थकों ने भी विधायक से मारपीट की थी।

# जेएमएम नेता ने हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस को दी ये खास नसीहत

लोक तंत्र की आवाज़

**रांची।** झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले सूबे में झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी कि जेएमएम ने कांग्रेस को 'अति आत्मविश्वास' से बचने की नसीहत दी है। बता दें कि हरियाणा में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत निश्चित मानी जा रही थी, लेकिन बीजेपी ने सभी संभावनाओं को पीछे छोड़ते हुए सूबे में अपना परचम लहरा दिया। इसके बाद से कांग्रेस के अलग–अलग सहयोगी दलों ने इस संबंध में टिप्पणियां की हैं जिनमें अधिकांश कांग्रेस के 'अति आत्मविश्वास' की ओर ही इशारा करती हुई दिखी हैं। झारखंड में भी अगले कुछ हफ्तों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और सूबे में खटट और कांग्रेस का गठबंधन सत्ता में है।

**राहुल जी ने अपनी पार्टी के बारे में बेहतर ही बोला होगा:** जेएमएम नेता मनोज पांडेय से जब राहुल गांधी के उस बयान के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने हार के लिए पार्टी नेताओं के खुद के स्वार्थ को जिम्मेदार ठहराया था, उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के बारे



में बोला है, अपने संगठन के बारे में बोला है, तो बेहतर ही बोला होगा। उन्होंने आंकलन किया और उनको लगा कि हार का कारण एक ये भी हो सकता है, तो उस पर उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त की।

**कांग्रेस गलती न दोहराए, अति आत्मविश्वास में न रहें:** जब मनोज सिंह से पूछा गया कि बहुत बार ऐसा होता क्यों होता है कि कांग्रेस जीत रही होती है, जनता वोट देना चाह रही होती है, फिर जीत नहीं पाती है, उन्होंने जवाब दिया, 'देखिए, कुछ तो खामिया होंगी। मुझे लगता है कि इसका आंकलन तो खुद कांग्रेस पार्टी को करना होगा। लेकिन अगर वोट प्रतिशत के दृष्टिकोण से देखा जाए तो पिछले चुनाव की तुलना में 11 फीसदी वोट कांग्रेस का बढ़ा है।

# बिहार में भोजपुरी को मिलेगा 'आधिकारिक भाषा' का दर्जा ? महागठबंधन ने की मांग

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार में एक बार फिर भोजपुरी को 'आधिकारिक भाषा' का दर्जा दिए जाने की मांग तेज हो गई है। विपक्षी महागठबंधन द्वारा पुरजोर समर्थन किये जाने के बाद यह मांग तेज हुई है। भोजपुरी बिहार में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और भाकपा (माले) लिबरेशन के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में पांच भाषाओं मराठी, बंगाली, पाली, प्राकृत और असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के फैसले के बाद बिहार में भोजपुरी भाषा को आधिकारिक भाषा घोषित किये जाने की पुरानी मांग को नया समर्थन मिला है। तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया को पहले ही यह दर्जा मिल चुका है। अब ऐसी भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

**केंद्र ने चुप्पी क्यों साधी ?:** भाकपा माले के लोकसभा सदस्य सुदामा प्रसाद ने कहा, ₹यह भाषा बिहार के भोजपुर,



रोहतास, कैमूर, बक्सर, सारण, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और जहानाबाद जैसे जिलों तथा झारखंड के कई हिस्सों में व्यापक रूप से बोली जाती है। संविधान की आठवीं अनुसूची में भोजपुरी को शामिल करने पर केंद्र ने चुप्पी क्यों साधी हुई है? संविधान की आठवीं अनुसूची में अब 22 भाषाएं हैं। संविधान में पहले 14 भाषाओं को शामिल किया गया था जबकि आठ को बाद में जोड़ा गया।

**आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग:** गृह मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, आठवीं अनुसूची में 38 और भाषाओं को शामिल करने की मांग की जा रही है और उनमें से एक भोजपुरी भी है। प्रसाद ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, नीतीश कुमार सरकार को भोजपुरी को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजनी चाहिए। हम संसद के आगामी सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार और केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार भोजपुरी भाषी लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। राजद सांसद ने कहा, हम (महागठबंधन) भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में तत्काल शामिल करने की मांग करते हैं ताकि इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा मिल सके। इससे पहले हमने राज्य विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था ।




# भारत में बनेंगी न्यूक्लियर सबमरीन

## इस खास प्लान से होगी समंदर में चीन की घेराबंदी

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** इंडियन ओशन रीजन (IOR) में चीन बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए भारत ने पनडुब्बी डिटरेंस को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत सरकार की उउर यानी प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने दो स्वदेशी परमाणु पनडुब्बियों को बनाने की अनुमति दे दी है। इससे भारतीय नौसेना की सामरिक और आक्रमक क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इन पनडुब्बियों के बनने से नौसेना की ताकत हिंद महासागर क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में अधिक बढ़ जाएगी। इससे इस बात के संकेत भी मिले हैं कि भारत ने तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर वॉरशिप के बजाय पनडुब्बियों को प्राथमिकता दी है।

**समंदर में बढ़ी है चीन की मौजूदगी :** पनडुब्बियों को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में बनाया जाएगा। पनडुब्बियां 95 फीसदी तक स्वदेशी होंगी। ये पनडुब्बियां अरिहंत क्लास से अलग होंगी। इन्हें प्रोजेक्ट एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल के तहत बनाया जाएगा। भारत की तरफ से यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब इंडियन ओशन रीजन में हर महीने 7–8 चीनी नौसैनिक युद्धपोत और 3–4 अर्धसैनिक जहाज देखे जा सकते हैं और भविष्य में इनकी



**क्यों है न्यूक्लियर सबमरीन की जरूरत**

न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्राइक सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती है। चीन के पास पहले से ही 6 शांग क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन हैं। भारत के लिए रूस से अकुला क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन 2028 तक टल गई है। इंडियन ओशन रीजन में सर्विलांस बढ़ाने के लिए नेवी को इन सबमरीन की जरूरत है। यह समझना भी जरूरी है कि डीजल–इलेक्ट्रिक सबमरीन को दिन में कम से कम एक बार बैटरी चार्ज करने के लिए पानी की सतह पर लाना पड़ता है। इसी दौरान डीजल–इलेक्ट्रिक सबमरीन पर अटैक किया जा सकता था। इसके अलावा वहीं, डीजल समबमरीन हवाई हमलों के लिए असुरक्षित हैं। एयर–इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन से लैस डीजल सबमरीन लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं, लेकिन इन सबमरीन को जहाज पर मौजूद हथियारों के साथ–साथ गति से भी समझौता करना पड़ता है।

संख्या और बढ़ने की संभावना है। फिलहाल, चीनी निगरानी जहाज 'Xiang Yang Hong 3' चेन्नई तट के पास और बैलिस्टिक मिसाइल ट्रैकर 'Yuan Wang 7' मॉरीशस तट के पास देखे गए हैं।

**बढ़ेगी भारतीय नौसेना की ताकत:** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े लोगों ने विशेष रूप से दक्षिणी हिंद महासागर में पीएलए की गतिविधियों को रोकने और उसकी निगरानी करने के लिए परमाणु पनडुब्बियों को चुना है। अभी दो पनडुब्बियां बनेंगी, इसके बाद चार और बनाई जा सकती हैं। जबकि, भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी SSBN यानी परमाणु पनडुब्बी क्ठर अरिघात कमीशन की है। अगले साल भर के अंदर भारतीय नौसेना में अलग–अलग तरह के कई युद्धपोत और सबमरीन मिलने वाले हैं।

# आतंकियों की पार्टी है बीजेपी बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा को आतंकवादियों की पार्टी बताया है। उन्होंने पीएम मोदी के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि कांग्रेस पर 'शहरी नक्सलियों' का नियंत्रण है और उन्होंने भाजपा पर अनुसूचित जाति (एससी) और आदिवासियों के खिलाफ लिंचिंग और जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों की पार्टी होने का आरोप लगाया।

**बीजेपी आतंकवादी पार्टी है :** खरगे ने कहा, प्रगतिशील लोगों को शहरी नक्सली कहा जा रहा है, यह उनकी (पीएम मोदी की) आदत है। उनकी पार्टी (बीजेपी) खुद एक आतंकवादी पार्टी है। वे लिंचिंग करते हैं, लोगों पर हमला करते हैं, अनुसूचित जाति के सदस्यों के मुंह में पेशाब करते हैं। आदिवासी लोगों के साथ बलात्कार करते हैं। वे उन लोगों का भी समर्थन करते हैं जो इस तरह के कृत्य करते हैं, और फिर वे दूसरों को दोषी ठहराते हैं।

**इनकी सरकार में आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं:** उन्होंने कहा, जहां भी उनकी सरकार सत्ता में है, वहां अनुसूचित जाति, खासकर आदिवासियों के लोगों पर अत्याचार होते हैं। फिर वह इन अत्याचारों के बारे



में बात करते हैं। यह उनकी सरकार है, वह इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

**पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला:** बता दें कि 28 सितंबर को जम्मू में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने रैली के दौरान कहा था कि विपक्षी दल पूरी तरह से ₹शहरी नक्सलियों₹ के नियंत्रण में है जो विदेशी घुसपैठियों को ₹वोट बैंक₹ के रूप में इस्तेमाल करते हैं और अपने ही नागरिकों का मजाक उड़ाते हैं।

**कांग्रेस ने नहीं किया सैनिकों का सम्मान:** पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने कभी भी हमारे बहादुर सैनिकों के बलिदान का सही मायने में सम्मान नहीं किया है। आज, पार्टी को शहरी नक्सली समर्थकों ने हाईजैक कर लिया है, जो विदेशी घुसपैठियों का 'वोट बैंक' के रूप में स्वागत करते हैं, जबकि हमारे अपने नागरिकों की पीड़ा का मजाक उड़ाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नाम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जित



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को देर रात्रि किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने नजदीकी तालाब, नदी समेत अन्य जलाशयों में प्रतिमा को पूजा अर्चना कर प्रवाहित किया गया ।सिरदला प्रखंड के फूल बागान चौक सिरदला के प्रतिमा, सिरदला बीच बाजार बरबीघा मोहल्ला की प्रतिमा,सिरदला नीचे बाजार की प्रतिमा,बरदाहा बाजार की प्रतिमा, सांढ़ गांव की काली मंदिर की प्रतिमा सहित विभिन्न पूजा पंडालों में नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना के बाद मेले का आयोजन किया गया। इसके उपरांत सोमवार को मां की विदाई दी गई। हर्षोल्लास के वातावरण में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर विदाई गीत से माहौल गमगीन होता रहा। श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। जय माता दी, जय मां दुर्गा के जयकारे से वातावरण गूंजयमान हो रहा था। इस दौरान सिरदला तथा सांढ़ गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन की तरफ से विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसमें युवा, महिलाएं, पुरुष, बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिए। ढोल नगाड़े बैंजो की धुन पर भक्त नाचते झूलते दिखे। वहीं पूजा समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर में बाइक सवार ने पीछे से मारा धक्का, मौके पर हुई मौत



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली–बख्तियारपुर फोरलेन सड़क पर रजौली थाना क्षेत्र के महियारा गांव के पास रजौली की ओर आ रहे ट्रैक्टर में पीछे से एक बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिससे मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। सड़क हादसे में मौत के शिकार बाइक सवार युवक की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के सिमरकोल गांव निवासी हरि राजवंशी के 23 वर्षीय बेटे राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि फोर लेन में काम करने वाली ट्रैक्टर से बाइक जा टकराई है। घटना के बाद रजौली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बाइक सवार युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर व बाइक को जप्त कर थाने लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद मृत युवक के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क हादसे के बाद मृतक के परिजनों के द्वारा थाने को कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### अर्श सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल के डॉ नवनीत निश्चल ने दी विजयादशमी लोगों की शुभकामनाएं, कहा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया पर्व



**गया।** असत्य पर सत्य का विजय का पर्व माने जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिल रहा है ।इसी कड़ी में गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित संचालित अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत निश्चल ने गया ही नहीं मगध के लोगों के साथ–साथ बिहारववासीयों एवं देशवासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की शुभकामनाएं दिया है ।वहीं इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा सौहार्द वातावरण में मनाने के साथ–साथ भाईचारा एवं असत्य पर सत्य का विजय मानने वाला पर्व है ।उन्होंन युवाओं के साथ–साथ सभी लोगों से अपील किया है कि दशहरा पर्व को शांति संपूर्ण से मनाए और भाईचारे के साथ संपन्न करें ।

### शिक्षा विद ने भगवान श्री राम से देश की खुशीहाली के लिए कि प्रार्थना



**गया।** गया और भारत के खुशिहाली और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के लिए शिक्षाविद श्रवण शाणिडल्य ने अपने पुरे परिवार के साथ देश की शिक्षा मे सुधार के साथ दोनो महान व्यक्ति के लिए भगवान प्रभु श्रीराम से प्रार्थना किए इसके साथ ही गया शहर और मगध प्रमंडल के लोग के लिए भगवान श्री राम एवं हनुमान गढ़ी जाकर अयोध्या जाकर प्रार्थना की है।

# वारिसलीगंज : भक्तिमय वातावरण में शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ दशहरा पर्व

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाके में दुर्गापूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गयी। रविवार से प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में शुक्रवार को महाष्टमी से शुरू हुआ मेला रविवार विजयादशमी तक धूमधाम से आयोजित किया गया। एकादशी से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन का कार्य शुरू हो गया,जो क्षेत्र विभिन्न ग्रामीण इलाकों में एक-एक कर आश्विन पूर्णिमा तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ चलेगी। विजयादशमी के अवसर पर वारिसलीगंज बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालु दर्शकों की भारी भीड़ देखी गयी। भीड़ पर नियंत्रण को लेकर पूजा पंडालो के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती किया गया था। किसी भी पूजा समिति ने प्रशासन के निर्देशानुसार डीजे नहीं बजाया। गुमटी रोड की बड़ी दुर्गा माता के पास प्रसाद के रूप में खीर, जबकि श्री गणेश ठाकुरबाड़ी में स्थापित अष्टभुजी माता के पास खीर और हलवा का प्रसाद का वितरण किया गया। गुमटी रोड के पास आसमानी झूला तथा घिरनी के अलावा बच्चों का उछल कूद सहित अन्य प्रकार के मनोरंजन की व्यवस्था से उक्त स्थल पर देर रात तक काफी भीड़ देखी गयी। रंग-बिरंगे बल्बों से शहर की सड़कें चकाचक दिख रही थीं।

**रविवार से प्रतिमा विसर्जन करने का शुरू हुआ सिलसिला:** प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्थापित व प्रशासन से निबंधित 34 दुर्गा प्रतिमाओं में से शनिवार को 2 साम्बे एवं झौर गांव की प्रतिमा विसर्जित की गयी। जबकि, रविवार को बाजार समेत विभिन्न 8 स्थानों प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशासनिक देख रेख में शांतिपूर्ण तरीके से करवाया गया। विसर्जन के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने को लेकर पर्याप्त पुलिस बलों की नियुक्ति की गयी थी।

**मेले में घूमता रहा छुट्टा सांढ़, नहीं हो सका नियंत्रण:** वरीय उपसमाहर्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णयों में साढ़ को में से भगा देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन मेलो के दौरान आम दिनों की तरह विभिन्न स्थानों पर साढ़ घूमते नजर आया। कही कही मेले में सांद की वजह से लोगो खासकर महिलाओं में भगदड़ की स्थिति बनते देखी गई।

**नम आंखों से दी गई मां को विदाई:** वारिसलीगंज बाजार से देवी दुर्गा को हर्षोल्लास के साथ भावभीनी से रविवार को विदाई दी गई।दुर्गा जी की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे नित्य के साथ पूरे बाजार घुमाया गया। सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस को तैनात किया गया। वहीं श्रद्धालुओं में काफी उमंग देखा गया।दुर्गा मां की प्रतिमा को कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ समाजसेवी भी साथ में पुलिस प्रशासन और मजिस्ट्रेट भी चौकस रहे।सभी प्रतिमा को अपने अपने मंदिर प्रांगण से उठाया गया और ट्रैक्टर की मदद से बलबापर मटकोरबा तालाब में विसर्जन किया गया।दुर्गा मां की विदाई के वक्त महिलाओं के आंख से आंसू छलक पड़े। सभी लोगों ने जय माता दी दुर्गा मैया की जय की नारा लगाया और अगले साल पुनः खुशीपूर्वक आने का न्योता दिया गया। क्षेत्र में कई जगह ग्रामीण इलाकों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दुर्गा विसर्जन होना बाकी है।

## गाजे- बाजे के साथ नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की अंतिम विदाई



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** दुर्गा पूजा व विजयादशमी के बाद गाजे-बाजे के साथ नगर पंचायत रजौली क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा व मां काली की नम आंखों से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। भांगड़ा व लाउड स्पीकर की धुन पर निकले विसर्जन जुलूस में हजारों युवकों ने जमकर डांस किया। रजौली संगत मोड़ स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति, बजरंगबली हाट चौक स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति, पुरानी बस स्टैंड स्थित मां काली पूजा समिति द्वारा गाजे-बाजे और लाउड स्पीकर की धुन के साथ स्थापित प्रतिमाओं का नम आंखों से विसर्जन किया गया। श्री दुर्गा पूजा समिति रजौली संगत स्थित दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा विसर्जन जुलूस संगत से शुरू होकर नीचे बाजार होते हुए जगदीश मार्केट से पुरानी बस स्टैंड से पुनः रजौली संगत पहुंचा। उसके बाद रजौली संगत से हरदिया डैम जाकर पूरे मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा कलश का विसर्जन जुलूस में सैकड़ो महिला-

**● विसर्जन जुलूस में लगे जय माता दी, मां शेरावाली व मां जगदम्बे के जयकारे**

पुरुष श्रद्धालुओं ने जय माता दी, मां शेरावाली व मां जगदम्बे के जमकर जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने डांस करते हुए कलश का विसर्जन किया। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए विसर्जन जुलूस के साथ बिहार पुलिस के जवान साथ-साथ चल रहे थे। रजौली के अमावां, अंधरवारी, लालू मोड़ व हरदिया द्वारा मां दुर्गा व मां काली की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाल कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मौके पर संगत स्थित दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष केसर प्रसाद उर्फ प्रकाश, संजय कुमार, उमाशंकर प्रसाद उर्फ लड्डू लाल संतोष कुमार, मां काली पूजा समिति के विसर्जन जुलूस के मौके पर रजौली नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी, विमल राजवंशी, दिनेश चौधरी, शंकर सिंह, अरुण साव, मोहन चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सिरदला- दुर्गा पूजा के अवसर पर सांढ़ गांव में किया गया मेले का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के सांढ़ गांव के काली मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मेले का आयोजन किया गया है। दुर्गा पूजा के अवसर पर हरेक साल दशहरा के अवसर पर मेले का आयोजन सांढ़ तथा बरदाहा गाँव मे किया जाता है। यह मेला तीन दिनों तक चलता है। इस मेले की विधि व्यवस्था के लिए परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी के द्वारा पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकि किसी प्रकार की घटना ना घटे। इस अवसर पर दूर दराज से पहुंचे मेले में दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई है। लोग मेले में पहुंचने के बाद मां काली की प्रतिमा का दर्शन करते हैं। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हैं। वहीं दूर-दूर के बाजारों से पहुचे व्यावसायिक भी अपना-अपना विक्री सामग्री खिलौना, मिठाई, श्रृंगार सहित अनेको दुकान सजी हुई देखी गयी है।

## जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम की सफलता के लिए रोह में बैठक आयोजित

लोक तन्त्र की आवाज़

**रोह(नवादा)।** प्रखंड के मोरमा रोड में स्थित द ग्रैंड पंचम पैलेस के सभागार में जिला मुख्यालय के आदर्श वाटर पार्क खानपुर के मैदान में 19 अक्टूबर को आयोजित होने वाला जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम की सफलता के लिए सोमवार को बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशवाहा सेवा समिति नवादा के जिलाध्यक्ष महेश्वरी प्रसाद तथा संचालन अविनाश कुमार निराला ने किया। जबकि कार्यक्रम में विषय प्रवेश पंचम कुमार मेहता ने किया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता सह समाजसेवी अजय कुशवाहा ने कहा कि राजनीतिक चेतना के बिना समग्र विकास की कल्पना संभव नहीं है। साथ ही कहा कि हमारे समाज के लोगों में राजनीतिक चेतना



शून्य है। यही कारण है कि सत्ता में भी उचित भागीदारी नहीं मिल रही है। एक समय था जब हमारे बंसज सम्राट अशोक चक्रवर्ती सम्राट कहलाते थे। परंतु आज हमारी स्थिति दूसरे राजनीतिक दलों या फिर किसी नेता के पिछलग्गू बनकर रहना पड़ता है। इसलिए बिहार लेकिन जगदेव प्रसाद के विचारों को आत्मसात कर समाज में चेतना जगाकर कर अब अपना नेता पैदा करना होगा। तभी हमारे समाज के लोगों को सत्ता में भी भागीदारी मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में जिला स्तरीय जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम की सफलता के लिए हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को शामिल होने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा आइकॉन सह गुजरात के उधोगपति निशिकांत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके पूर्व महात्मा बुद्ध के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मौके पर समाजसेवी अजय कुशवाहा, बाल्मिकी प्रसाद, दीनदयाल कुशवाहा, डा बसंत प्रसाद, उमेश प्रसाद, समरीगढ़ के पैक्स प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रसाद, पत्रकार मिथिलेश कुमार, संगम वर्मा, कुंज उप सरपंच पति मनीष कुमार, सुनील कुमार, कामरेड नेता भुनेश्वर मेहता, संध्या सिन्हा,सीदीपक कुमार, प्रेम वर्मा, अरूण मौर्य, के अलावा दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया।

## चेन छिनतई मामले में तीन महिलाएं गिरफ्तार ,भेजी गई जेल

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज पुलिस ने दुर्गापूजा के दौरान चेन व मंगलसूत्र छिनतई मामले में तीन महिला को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दुर्गापूजा महाष्टमी के दिन और रात्रि में विभिन्न पूजा पंडालों में देवी दर्शन के क्रम आधा दर्जन महिलाओं के गले से चेन व मंगलसूत्र उड़ा लेने के मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में नगर परिषद क्षेत्र के पटेल नगर निवासी राम विलास प्रसाद की पत्नी गीता देवी ने गले से सोने की चेन उड़ा लेने के मामले काशीचक थाना क्षेत्र के कशीचक निवासी मेवालाल की पुत्री सुमन कुमारी को पकड़ कर पुलिस के हवाले की थी। बाद में हवालात में बंद महिला से मिलने आयी अन्य दो महिलाएं जो उत्तर प्रदेश के मउ जिला अंतर्गत घोसी थाना क्षेत्र







के बंगावा निवासी अर्जुन राम की पत्नी अनिता देवी तथा बादल राम की पत्नी अन्नू कुमारी को शक के आधार पर पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की। सत्यता पाए जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## बरदहा बाजार दुर्गा पूजा पंडाल के समिप किया गया महाप्रसाद का वितरण



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड के बरदाहा बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के समीप रविवार को महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद का वितरण कृष्णा होटल के सौजन्य से किया गया है। महाप्रसाद में घी में बने सूजी का प्रसाद वितरण किया गया है। जो पवित्र ढंग से नए चूल्हे पर बनाया गया था। छोटे-बड़े सभी लोगों ने नंबर बार श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। यह महाप्रसाद रविवार को 2:00 बजे शुरू किया गया जो समाचार संकलन तक जारी था। महाप्रसाद 50 किलो सूजी का बनाया गया था। मौके पर सुदामा प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद, हिमांशु प्रसाद, वर्गीज कुमार, सोनू कुमार उर्फ बंगाली, पुलेस कुमार, सूरज कुमार सहित दर्जनों पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# खाताधारक के मोबाइल से फ्रॉड करके निकाल लिए 1 लाख रुपए, शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर की खाते में रुपए वापस दिलाने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** मोबाइल से फ्रॉड कर रजौली थाना क्षेत्र के कुम्हरुआ गांव निवासी खाताधारक तुलसी यादव के बेटे पिंटू कुमार के पंजाब नेशनल बैंक रजौली स्थित खाते से ₹1 लाख निकाल लेने का मामला प्रकाश में आया है। रविवार को बैंक बंद रहने के कारण खाताधारक ने कस्टमर केयर से बात कर अपने खाते को बंद करवाया। इसके बाद सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को आवेदन देकर मोबाइल से फ्रॉड कर खाते से निकाले गए ₹1 लाख को वापस खाते में लाने की मांग की है। पीड़ित खाताधारक ने बताया कि चार दिन पहले मोबाइल पर पीएम किसान एप आया था। उस पर क्लिक करने के बाद पीएनबी का लोगो के नाम से 4 दिन से ओटीपी आने लगा। उसका पीएनबी का खाता संख्या 0919000101014512 आईएफएससी कोड ढवठइ0091900 है। मोबाइल नंबर 8809563398 जो कि उसके खाता में दर्ज है। पीएनबी के लोगो द्वारा मेरे मोबाइल नंबर पर कई दिनों से लगातार ओटीपी शेयर किया जा रहा था। लेकिन बैंक के द्वारा मुझे कोई कॉल नहीं आ रहा था। उसके बाद 13 अक्टूबर को दो बार आईएमपीएस के द्वारा मेरे खाते से 50-50 हजार रुपए का निकासी हो गया। रविवार होने के कारण मैंने कस्टमर केयर से फोन से बात करके अपने खाते को बंद करवाया।



# जदयू जिलाध्यक्ष द्वारा रतन टाटा एवं पूर्व डुमरिया प्रखंड अध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी गई

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** कर्पूरी सभागार जदयू जिला कार्यालय गया में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के अध्यक्षता में संपूर्ण क्रांति के जनक भारत रत्न लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती समारोह मनाई गई है। इसके साथ ही प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा एवं जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डुमरिया उदय कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है ।इस अवसर पर द्वारिका प्रसाद ने कहा कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी के आदर्शों से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने सीख ली है और जब से सेवा करने का मौका मिला है, उसी के अनुरुप काम करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर भारतीय राजनीति के आंदोलन में जयप्रकाश नारायण जी का अद्वितीय योगदान रहा है। द्वारिका प्रसाद ने कहा की डुमरिया प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष उदय कुमार का निधन पार्टी के लिए बहुत बड़ा क्षति है, उदय जी समता पार्टी के समय से पार्टी के साथ थे।पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव ने कहा कि जेपी महान समाजवादी नेता थे, आज सक्रिय राजनीति में एक मात्र समाजवादी नेता नीतीश कुमार हैं, जो उनके आदर्शो पर चलते हुए बिहार में लगातार काम कर रहें हैं। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा जेपी महान स्वतंत्रता सेनानी थे उन्होंने पहली बार भारत को 1947 में आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, और दूसरी बार जेपी का 1977 में इंदिरा गांधी की तानाशाह सरकार से देश को आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण योगदान है। इसी तरह नीतीश कुमार ने 1990 से 2005 तक का जंगल राज, गुंडा राज, अपहरण का राज बन चुके लालू यादव से बिहार को आजाद कराने का काम किया है। पटेल ने कहा की रतन टाटा का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। अरविंद प्रियदर्शी ने कहा की वर्ष 1977 के चुनाव ऐसा था जिसमें नेता पीछे थे और जनता आगे थी। यह जेपी के ही करिश्माई नेतृत्व का असर था। जेपी महिलाओं के हिमायती थे आज नीतीश कुमार उन्हीं के आदर्शो पर चलते हुए बिहार में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया। मरणोपरांत 1998 को भारत सरकार ने जेपी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, डा0 जितेंद्र दास, डा0 शंकर चौधरी, , धनंजय शर्मा, कार्यालय प्रभारी कमलेश कुमार दिवाकर, अरविंद प्रियदर्शी,लालजी प्रसाद ,गयानांद सिंह, गोपाल पटेल,पप्पू वर्मा, राजेश कुमार, डा0 बी पी कर्ण सहित पार्टी के कई सम्मानित साथी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें ।

## पुरूष हाकी प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ के जिला/मण्डल की टीम का चयन

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, झांसी में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स 16 अक्टूबर को वीर लोरिक स्पोटर्स स्टेडियम, बलिया में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 18 अक्टूबर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सीनियर पुरूष हाकी खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सीनियर पुरूष हाकी खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित सीनियर पुरूष हाकी खिलाड़ी 23 से 28 अक्टूबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, झांसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## नगर में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई मां वैष्णो देवी पालकी शोभा यात्रा

रिपोर्ट सईद कुरैशी



**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाजार गंज से मां वैष्णो देवी पालकी की विशाल शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ विधानसभा 26 के पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने किया। शोभा यात्रा बाजार गंज माता मंदिर से प्रारंभ होकर शगुन तिराहा, बुध बाजार होती हुई कोतवाली गेट ,बड़ा बाजार होते हुए बाजार गंज माता वाली पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभा यात्रा के माता वाली पहुंचने पर महंत मनीषा शर्मा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल,रोहित भारद्वाज,मोहित सिंघल,राहुल रुहेला आदि ने महाआरती कर प्रसाद वितरण किया।

## महिला/पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु जिला/मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला/पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 22 अक्टूबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीनियर महिला/पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 16 अक्टूबर को वीर लोरिक स्पोटर्स स्टेडियम, बलिया में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 18 अक्टूबर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सीनियर पुरूष/महिला एथलेटिक्स खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सीनियर पुरूष/महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित सीनियर पुरूष/महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी 21 से 22 अक्टूबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## नगर पालिका द्वारा दशहरा मेले के स्थल व आसपास कराई गई साफ सफाई



संवाददाता सईद कुरैशी (मुरादाबाद)ठाकुरद्वारा। शुक्रवार को नगर पालिका की टीम द्वारा दशहरा मेले स्थल पर व उसके आसपास विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी और पालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के आदेश पर नगर पालिका की टीम ने दशहरा मैदान व उसके आस पास मुख्य हाइवे पर जेसीबी मशीन से विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुए साफ सफाई कराई। इस दौरान सफाई प्रभारी चंचल कुमार , सफाई प्रभारी चंचल कुमार, सफाई नायक राकेश कुमार,राजकुमार ,अंकित ,विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवम् औषधि प्रशासन की टीम द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ के नमूना संग्रहण किया

## अनहाइजीनिक तरीके से खाद्य पदर्थो को भंडारित नही करने के बारे में जागरूक किया

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान

**बिजनोर।** खाद्य सुरक्षा एवम् औषधि प्रशासन की टीम द्वारा प्रमुख सचिव महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में चलाएं जा रहे आगामी त्योहारों हेतु अभियान के अवसर पर दिनांक 14/10/2024 पर सहायक आयुक्त (खाद्य)क्क खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग बिजनौर के द्वारा संजीव सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित सचल दल टीम में राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शंभू दयाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी , ारड डी. के. वर्मा, नरेश कुमार,खाद्य सुरक्षा अधिकारी, ारड रेनू सिंह, ारड अनुपम यादव के साथ जनपद बिजनौर में स्थित मुख्य बाजारों में खाद्य पदार्थ के नमूना संग्रहण की कार्यवाही कर व्यापारी विक्रताओ को खराब/पुराना/एक्सपायर्ड प्रकार के कुट्टू के आटा को न बेचने के संबंध में जागरूक किया साथ ही अनहाइजीनिक तरीके से खाद्य पदर्थो को भंडारित नही करने के बारे में जागरूक किया। एवम् खुली अवस्था में अथवा अधिक समय से रखे हुये कुट्टू का आटा से निर्मित खाद्य पदार्थों के सेवन नही किया जाए।



समस्त खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिक पुराने खुले/पैक्ड कुटटू का आटा एवम् खुले खाद्य मसाले/तेल एवम् रंगीन कचरी/रंगीन मिठाईयां खाद्य पदार्थों का भण्डारण तथा क्रय-विक्रय उनके द्वारा न किया जाये। यदि किसी भी खाद्य कारोबारी के स्तर से इसका उल्लघन पाया जाता है तो उसके विरूध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**Chinese garlic** की जांच हेतु नगीना सब्जी मंडी में औचक निरीक्षण किया गया एवम् साफ सफाई और ठीक तरह से भंडारण रखने है।

## जिलाधिकारी ने की संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सम्बन्ध में बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया-जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों से बचाव व नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाहियों/गतिविधियों की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा अभियान के अंतर्गत साफ सफाई, फागिंग एवं एंटीलार्वा के छिड़काव आदि में अपेक्षित कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को गंभीरता से लिया जाय। सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यवाहियों/गतिविधियों को जिम्मेदारी पूर्वक कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यवाहियों/गतिविधियों का असर जमीनी स्तर पर भी दिखाई पड़े। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि शिक्षकों द्वारा अभिभावकों/बच्चों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल-जनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा घर-घर जाकर ठीक प्रकार से सर्व का कार्य करें तथा प्रतिदिन आशा द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा किया जाय। उन्होंने संचारी रोग के केसों की जानकारी प्राप्त करते हुए चिकित्साधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि साफ-सफाई एवं फागिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वी0पी0 द्विवेदी एवं सीएमएस डॉ0 सुजीत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सभासदों ने पालिका कर्मियों पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

**मोहम्मद हिफजान अफजलगढ़।** सभासदों ने अधिशासी अधिकारी, पालिका बाबू सहित ठेकेदारों पर नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में सरकारी धन का दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पालिका अफजलगढ़ में 30 से 40 वाटर कूलर लगे हैं। इनकी मरम्मत के नाम पर ईओ, बड़े बाबू पर लाखों रुपए खर्च दिखाने का आरोप लगाते हुए डीएम बिजनौर से इस मामले की जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। गौरतलब है कि डीएम बिजनौर को दिये शिकायत पत्र में सभासद शेख इमरोज़, सभासद वजीर अहमद, सभासद रियासतुल्या, सभासद यासमीन खातून, सभासद नाजमा बेगम ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में अधिशासी अधिकारी व बड़े बाबू संजीव कुमार व ठेकेदार की मिली भगत से नगर पालिका में सरकारी धन का दुरुपयोग किया जहां 30 से 40 वाटर कूलर लगे हैं पानी के लिए, जिससे जनता गर्मी के दिनों में ठंडा पानी पीती है। इनकी मरम्मत के नाम पर पालिका द्वारा इस वर्ष लगभग चार से पांच लाख रूपए का खर्च किए गए हैं। लेकिन रिपेयरिंग का कोई कार्य नहीं हुआ है। 20 से 25 कूलर आज भी खराब पड़े हैं। जबकि नगर खर्चा दिखाकर गोल माल किया गया। अधिकांश कूलर आज भी खराब पड़े हैं। उन्होंने इस मामले की जांच डीएम बिजनौर से कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उधर ईओ एसपी सिंह ने आरोपों को निराधार बताया।

## वन विभाग डीएफओ कार्यालय पर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत व किसान यूनियन अराजनीतिक के सैकड़ों किसानों ने किसान नेता जगमीत सिंह जीत के नेतृत्व में किसानों को विभिन्न मांगों को लेकर वन विभाग के डीएफओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। जिसमे किसानों ने बताया कि लगभग 40 दिन पूर्व एक हाथी वन में मर गया था। जिसमे हाथी का शव को आनन फानन में वन विभाग ने दफन कर दिया था। लगभग एक माह बाद जब हाथी के मरने की बात उजागर हुई तो वन विभाग ने उसका पीएम कराया और वन विभाग ने हाथी की हत्या का आरोप किसानों पर लगाते हुए क्षेत्र के लगभग दर्जन भर किसानों पर मुकदमे दर्ज किए गए। जिसको लेकर किसानों ने सोमवार को नगर के डबल फाटक स्थित वन विभाग के डीएफओ दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने मांग हैं की किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ फर्जी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इस प्रकरण में दोषी सभी वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। धरने में भारतीय किसान यूनियन टिकट के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बाट एवं जगमीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी निर्दोष किसान के खिलाफ कोई भी करवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे उन्हें वन विभाग के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना क्यों न देना पड़े। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती किसानों का धरना जारी रहेगा। वन विभाग के डीएफओ कार्यालय पर किसानों के चल रहे धरना प्रदर्शन के मद्देनजर सूचना पाकर नजीबाबाद कोतवाल संजय कुमार तोमर, एसआई मोहम्मद कय्यूम पुलिस बल के साथ धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। धरना प्रदर्शन में जगमीत सिंह जीत, विरेंद्र सिंह, संदीप सिंह, संदीप सिंह भुल्लर, मनप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, नरेश चंद कंबोज, पूर्व प्रधान अवतार सिंह, गुरुप्रीत सिंह, बूटा सिंह, बलविंदर सिंह, रावल सिंह, गुरदेव सिंह, शमशाद बानिया, जहूर हुसैन, इरशाद बढ़ाना, यामीन मुस्तफा, इरफान, गामी, कासिम, सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।



## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक कार्यालय पर महिलाओं का धरना प्रदर्शन, खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज़

सईद कुरैशी

**(मुरादाबाद)ठाकुरद्वारा ।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति चौहान के अध्यक्षता में सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत कमलापुरी खालसा में 4 वर्ष से सफाई कर्मचारी गांव में सफाई के लिए नहीं आती। सरकारी स्कूल, अस्पताल , आंगनवाड़ी , किसान केंद्र पर भी सफाई नहीं है। शौचालय पर तैनात के केयरटेकरो का मानदेय 6000 रुपए दिया जाता है। 3 बर्ष से सफाई के लिए कोई सामान या रुपए नहीं दिये जाते। अधिकतर शौचायलयों के मेन गेट , टोरियां , सीट गन्दी पड़ी है। महिला समूहो को समानता का अधिकार व कमालपूरी खालशा में दो स्थानों पर रास्ते बनवायें जायें। जुनियर स्कूल की बाउंड्री पूरी कराई जाए। और शमशानों की साफ सफाई करवाई जाये। इस दौरान धरना प्रदर्शन में पूनम , मनीषा, ममता, रिंकी देवी, बबली ,उमेश देवी आदि मौजूद रहीं।




## बलिया : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

### जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया- जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी श्रवण कुमार सिंह से कहा कि पात्र लोगों को ही व्यक्तिगत शौचालय का लाभ दिया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि अपात्र व्यक्ति को व्यक्तिगत शौचालय का लाभ न मिले। इसके साथ उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय,कहीं पर भी कूड़े का ढेर दिखाई न पड़े। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद में कार्यरत मैनपॉवर के भुगतान के अनुमोदन पर विचार-विमर्श के दौरान कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज तथा परियोजना निदेशक श्री उमेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।


## बिजनौर झोलाछाप डॉक्टरो ने डॉक्टर ग्रुप बनाकर सीएमओ की सूचनाओं का कर रहे आदान-प्रदान

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर जिले सहित नगीना क्षेत्र में भी झोलाछाप डॉक्टरों की कार्रवाई को लेकर जहां बिजनौर में हड़कंप मचा हुआ है वही बिजनौर की तहसीलों में झोलाछाप डॉक्टरो ने डॉक्टर ग्रुप बनाकर सीएमओ की आने जाने की सूचना का ग्रुप में आदान-प्रदान किया जा रहा है। जहां अगर मानो की बिजनौर के सीएमओ अपने ऑफिस से निकलकर अगर वह किसी झोलाछाप डॉक्टर के यहां जाते हैं तो वह झोलाछाप डॉक्टर सीएमओ के आने की सूचना ग्रुप में लिखकर या बोलकर सभी झोलाछाप डॉक्टर को सूचना दे देता है। जिससे झोलाछाप डॉक्टर अपना दुकान बंद कर रफु चक्कर हो जाते हैं। उधर बिजनौर के नवागत सीएमओ से बातचीत की जाती है कि झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। तो सीएमओ बिजनौर कहते हैं कि हमारे जाने से पहले ही झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकाने बंद करके रफु चक्कर हो जाते हैं। लेकिन इन झोलाछाप डॉक्टरो पर कारवाई करने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। या यह मानो कि इन झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में चल रहा है। जबकि सोशल मीडिया पर इन झोलाछाप डॉक्टरो ने व्हाट्सएप पर डॉक्टर ग्रुप बनाकर सीएम ओ के आने जाने की सूचना का आदान-प्रदान कर रहे हैं। और अपनी दुकानों के सामने बड़ी-बड़ी फ्लेक्सी लगाकर लोगों को गुमराह कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरो के सामने नस्तमस्त दिखाई दे रहा है। डॉक्टर ग्रुप एडमिन व ग्रुप के सभी मेंबरों की जांच कर या इनकी डिग्री की जांच कर हो उचित करवाई जिससे झोलाछाप डॉक्टरो पर कार्रवाई हो सके और लोगों को इन झोलाछाप डॉक्टरों के मकडं जाल से बचाया जा सके। बिजनौर जिले में आए दिन लगातार झोलाछाप डॉक्टरो के यहां मौतें हो रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग अपना कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। नगीना तहसील में आज तक किसी भी झोलाछाप डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही किसी झोलाछाप डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज हुआ जिससे इन झोलाछाप डॉक्टरो के हौसले बुलंद है। खबर प्रकाशित करने को लेकर यह झोलाछाप डॉक्टर पत्रकार के साथ मारपीट व झूठे मुकदमे में फसाने तक का षड्यंत्र रच रहते हैं।

व्हाट्सएप पर डॉक्टर ग्रुप बनाकर सीएमओ बिजनौर की आने जाने की सूचना का आदान प्रदान किया जाता है जिससे यह लोग सीएमओ के आने से पहले ही अपनी अपनी दुकाने बंद कर रफू चक्कर हो जाते हैं।




## कोतवाली मे दलालो का बोलबाला शरीफों को धुत्तकार रही पुलिस

लोकतंत्र की आवाज़

संवाददाता सईद कुरैशी

**(मुरादाबाद)ठाकुरद्वारा।** ₹जब सईया भय थानेदार तब डर काहे का जी हां यह कहावत वर्तमान समय मे कोतवाली पुलिस पर सटीक बैठती साबित हो रही है।सूत्रों की मानें तो दिन भर कोतवाली मे दलालो का जमावड़ा लगा रहता है जो कई बार तो कोतवाली के पिछले दरवाज़े से तो कई बार सीना चौड़ा किए मुख्य द्वार से दाखिल होते हैं और कोतवाली मे स्थित पुलिसकर्मियों के कमरों से सांठ -गांठ करके निकल जाते हैं।और बाहर निकल कर लोगो पर अपना रौब झाड़ते हैं कि हम फलाने साहब के खास हैं जिसे चाहें झूठे मुकदमे मे जेल की हवा खिलवा दें। ऐसे मे बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि इन लोगो से पुलिस का कोई वास्ता या फायदा नहीं है तो ये बिना किसी काम के कोतवाली मे घंटो क्यों जमा कई मुकदमों मे नामजद मीट माफिया के पुत्र के साथ पुलिसकर्मियों के फोटो वायरल हाल ही मे पुलिसकर्मियों के साथ एक स्थानीय युवक के फोटो वायरल हो रहे हैं,जिसका पिता एक चर्चित मीट माफिया है।तस्वीरों मे दिख रहे युवक के पिता पर पूर्व मे पुलिस द्वारा कई मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे मे युवक के साथ पुलिस कर्मियों की वायरल हो रही तस्वीरें पुलिस की ख़ूब फजीहत करा रही हैं। ऐसे मे यह सवाल भी उठना लाज़मी है कि आख़िर एक मीट माफिया के पुत्र और पुलिस के रिश्तों का क्या मतलब,फिलहाल कुछ भी हो इस बात का जवाब तो पुलिस के आलाधिकारी ही बता सकते हैं की ₹ये रिश्ता क्या कहलाता युवक की वायरल हो रही तस्वीरें क्षेत्र भर मे ख़ूब सुर्खिया बटोर रही हैं वहीं इस संबंध मे जब कई सामाजिक लोगो से वार्ता की गई तो लोगो ने दबी जुबान मे बताया की नशाखोरी, सट्टा आदि के संबंध मे कई बार स्थानीय अधिकारियों की अवगत कराने का प्रयास करते हैं लेकिन बगल मे बैठे दलालों के कारण इस डर के चलते की कहीं नाम उजागर न हो जाए निराश लौट जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बाढ़ से राहत के बाद भीं नही हो पाया फागिंग चुना व डीडीटी छिड़काव : शुभम यादव

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। नवगछिया रंगरा प्रखंड के विभिन्न गांव सहौरा- मदरौनी, रंगरा ,गोपालपुर सधुवा चापर तिनटंगा सहित अन्य गांव में आए भीषण बाढ़ बिभीषिका से राहत के बाद गांव गली मोहल्ले में जलजमाव की स्थिति बन गया है सभी बाढ़ प्रभावित परिवार ने बताया की बाढ़ से आमलोगो को फिलहाल राहत मिली है लेकिन लंबें समय जलजमाव की स्थिति है। इस दौरान श्री सद्गुरू साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने मांग किया की बाढ़ प्रभावित परिक्षेत्र में तत्काल फांगिग, चुना व डीडीटी छिड़काव आवश्यक है जलस्तर कम होने के बाद मौसमी बीमारियों का खतरा डेंगू मलेरिया स्किन डिजीज का खतरा बढ़ रहा है दुर्गंधयुक्त कराना जरुरी है जिला प्रशासन तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मशीनों व कीटनाशक गैसों का उत्सर्जन कर छिड़काव करवाया जाए ताकी आम जनों को राहत के बीच स्वच्छ एंव स्वच्छता बना रहे।


### पत्रकार सनी कुमार को पत्नी शोक

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। रांगा थाना क्षेत्र निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार सनी कुमार भगत की पत्नी स्वीटी कुमारी दास आकस्मिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत स्वीटी कुमारी 30 वर्ष की थी और बीते लगभग 18-20 दिनों से बीमार थीं। जिनका प्रारंभिक इलाज प्रेम ज्योति कम्युनिटी अस्पताल चंद्रगोड़ा में चल रहा था। पत्रकार के पत्नी की बिगड़ती हालत को देखकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद से उनका इलाज मालदा के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा था। जहां रविवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत स्वीटी कुमारी अपने पीछे 8 वर्षीय पुत्र व 11 महीने की पुत्री को छोड़ गई हैं। आज उनके शव को रांगा स्थित आवास लाया जाएगा एवं राजमहल शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। विभिन्न पत्रकार संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। वहीं पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### नवगछिया पुलिस जिला जूनिया बाल बैडमिंटन टीम का चयन आज : जिला सचिव, ज्ञानदेव कुमार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। बिहपुर प्रखंड के डाकबंगला में मंगलवार को नवगछिया पुलिस जिला जूनियर बाल बैडमिंट बालक बालिका टीम का चयन किया जाएगा। यह जानकारी राज्य सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच व मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा बैधनाथ प्रसाद मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ( बालक एवं बालिका ) का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल, मिठनपुरा, मुजफ्फरपुर में किया जायेगा।

### विषेश पूजन अर्चन के साथ गंगा महा आरती संपन्न





लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। मानिकपुर पंचायत स्थित जीच्छो पोखर में लगातार 10 दिनों में चलने वाला गंगा महा आरती का समापन दशमी को विशेष पूजन अर्चन के साथ किया गया। इस गंगा आरती में बनारस से पधारे हुए पंडितों के द्वारा गंगा मा आरती संपन्न कराया गया। इस गंगा आरती का आयोजन कर्ता रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान के द्वारा किया गया ।अंतिम दिन गंगा महा आरती के समय लोगों विशाल जन समूह उमर पड़ा ।लोगों ने श्रद्धा भक्ति के साथ गंगा माता को नमन किया ,भजन कीर्तन किया, और प्रसाद ग्रहण भी किया। इस अवसर पर बनारस से आए हुए पंडितों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, पधारे हुए जनप्रतिनिधियों और पत्रकार को भी अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान, अरविंद साह, मनोज शास्त्री, ऋषिकेश सिंह, संजय सिंह, गोपू बरनवाल, रणधीर सिंह , सुमन मिश्रा, रंजीत दुबे,मिन्हाज आलम ,सुनील आजाद, सच्चिदानंद मंडल, अनिल राय,पप्पू झा ,डॉक्टर कलाम ,नवीन दुबे, कालीचरण शर्मा ,डॉक्टर रकीव , बंटी कुमा,र केशव सिंह, कन्हैया कुमार ,अमरेश गुप्ता ,गुड्डू , रिंकू टेंट हाउस, विशाल डीजे टेंट हाउस आदि मौजूद रहे।

# पाकुड़ विधानसभा कार्यकर्ता स्तरीय सम्मेलन में जोश और उत्साह का माहौल

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख



बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित मिल्लत हाई स्कूल मैदान में पूर्व विधायक अकिल अख्तर के पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक अकील अख्तर का अभिनंदन किया गया, जिनके नेतृत्व और समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को जनता ने सराहा। जनता के बीच से आई आवाज़ों ने स्पष्ट रूप से बताया कि अकील अख्तर ने जनहित में जिस प्रकार से कार्य किया है, उससे उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

जनता ने यह भी कहा कि उनका समर्पण और ईमानदारी, जनता के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की उनकी नीति का प्रमाण है। पाकुड़ विधानसभा के अंतर्गत आयोजित कार्यकर्ता स्तरीय सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता अफीफ अमसल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया, जो आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सम्मेलन में आए सभी कार्यकर्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं अकील अख्तर ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा, ₹आपकी मेहनत और समर्पण ही हमारे संघर्ष की असली ताकत है। आज का सम्मेलन इस बात का प्रतीक है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी के समर्थन से ही हम आने वाले समय में और भी बड़े परिवर्तन ला सकेंगे। इस सफल आयोजन में संगठन की दिशा और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं की सहभागिता और संगठन के सशक्तिकरण को प्रमुखता दी गई। सम्मेलन ने यह संदेश दिया कि आने वाले समय में कार्यकर्ताओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी।सम्मेलन के समापन के दौरान कार्यकर्ताओं और जनता ने अकील अख्तर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की।

**आकलन से अधिक पहुंचे लोग, मंच पड़ गया छोटा, तपती धूप में भी डटे रहे लोग:** उक्त कार्यक्रम को लेकर आयोजन कमेटी द्वारा अथक तैयारी किया गया था। प्रखंड, जोन एवं पंचायत स्तर पर प्रभारियों द्वारा एकजुटता के साथ उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मेहनत की गई थी। जिसके फलस्वरूप आकलन से भी अधिक लोग पूर्व विधायक अकिल अख्तर को सुनने कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। आलम यह था कि श्रीकुंड बाजार सहित पलाशबोना तक वाहनों की लंबी कतार के कारण काफी जाम लग गया एवं हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम तक अंत तक पहुंच ही नहीं पाए। लोगों के लिए कुर्सियां एवं मंच भी छोटा पड़ गया, जिससे लोग तपती धूप में डटे रहकर पूर्व विधायक अकिल अख्तर को सुना। इससे पूरे कार्यक्रम स्थल में उत्साह का माहौल बना रहा।

उक्त कार्यक्रम में युवा नेता मो. मोसब्बर, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, मो. सायेबान, मुजीबुर रहमान, अब्दुल मालिक, अशोक घोष, सरफराज अहमद, राजीव रंजन, रमजान अली, इकबाल अंसारी, अब्दुर रशीद, अफजल मुखिया, कमरुज्जमान, कमरुद्दीन, अब्दुल हाजी, मौलाना अंजारुल, मौलाना खैरुल, राहुल मुखिया, मौलाना केरामुल्लाह, मंजूर आलम, लखी कुमारी सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अश्रु पूर्ण नयनों से मां दुर्गे को दी गई विदाई





लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। प्रखंड स्थित सभी पूजा पंडालों में रविवार को अश्रुपूर्ण नेत्रों से माता के विदाई दी गई ।इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। कई जगह लाठी के के खेल का भी प्रदर्शन किया गया।

महिलाओं ने सिंदूर और अक्षत के साथ माता का विदाई दी।इस अवसर पर कई लोगों के आंखें नम रहे । पीरपैंती प्रखंड के झामर, ओलापुर,मानिकपुर , रिफुजी कॉलोनी, शेरमारी बाजार,मेहरपुर ,कहलगांव टोला, दुलदुलिया, महेशपुर ,दौलतपुर, बदलूगंज ,बाखरपुर,सहित विभिन्न जगह प्रतिमा का विसर्जन देर शाम संपन्न कर दिया गया। वहीं दूसरी और प्रखंड के प्राचीन देवी मंदिर ओलापुर में मूर्ति विसर्जन के समय हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे ।परंपरा के अनुसार अभी भी ओलापुर मैया का विसर्जन कंधे पर ही किया जाता है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार पुलिस वालों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे।

## बिहपुर खानका में जश्न ए गौसुलवरा आज सज्जादा नशी : अली कौनैन खां फरीदी



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में प्रसिद्ध खानका ए आलिया फरिदिया मोहब्बतिया में मंगलवार को दिन के नौ बजे से जश्न ए गौसुलवरा व जलसा का आयोजन बडे ही धुम धाम के साथ किया जाएगा ।

इस को लेकर खानका में तैयारी पुरी कर ली गई है ।11 वीं शरीफ को लेकर खानका को आकर्षक तरिके से सजाया गया है। खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी, एवं नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने बताया कि इस त्योहार को ग्यारहवीं शरीफ के नाम से भी जाना जाता है ।मंगलवार को सुबह सात बजे से नौ बजे तक कुरान खानी, उसके बाद मिलाद शरीफ ,जलसा ,तकरीर व नातऱीफ होगा ।उसके बाद आम लौगो के बीच शिरणी तकशीम किया जायेगा ।

## बिहपुर: 17 घंटा के अंदर एसटीआरएफ टीम ने थाना घाट से शुभम का शव किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। रविवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के थानाधाट में बिहपुर मध्य के वार्ड नंबर 9 निवासी गजेंद्र यादव के बड़े पुत्र शुभम कुमार 16 वर्षीय का स्नान करने के दरमियान डूबने से मौत हो गई। लगातार एसटीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन जारी रखा जिसके चलते सोमवार को सुबह 7:00 बजे शुभम कुमार का शव बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक रविवार को लगभग 2:00 बजे अपने तीन साथी के साथ थानाधाट में स्नान कर रहे थे । अचानक गहरे पानी में जाने से लापता हो गया । वहां पर मौजूद दो युवक ने वहां पर आसपास लोगों से कहा की शुभम नाम का लड़का पानी में डूब चुका है ।तब तक यह बात क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।

मौके पर नवगछिया पुलिस जिला एसपी पूरण कुमार झा, डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर आलोक कुमार, थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यनारायण पंडित, सीओ लवकुश कुमार मौके पर पहुंचे। तत्काल ग्रामीण स्थल पर बहाल गोताखोर से खोजबीन जारी किया गया ।काफी घंटे तक खोजबीन करने के बाद कुछ पता नहीं चल पाया जिसके कारण एसटीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक शुभम कुमार दो भाई दो बहन थे। जबकि एक बहन की शादी हो चुकी है। और भाई में सबसे बड़े थे। और 12वीं का छात्र भी था। लेकिन यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मौके पर विधायक ई कुमार शैलेंद्र,जिला परिषद सदस्य, मोईन राईन, उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल नामुल, राजद जिला अध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान, मुखिया मनोज लाल, जिला अध्यक्ष अमन आनंद,राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम, जिला परिषद प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज, पूर्व मुखिया रविंद्र यादव, एवं क्षेत्र के ग्रामीण काफी संख्या पर मौके पर उपस्थित थे। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में मृतक शुभम कुमार का पोस्टमार्टम के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया।

## संतमत सत्संग: हनुमानजी त्रेतायुग के परम संत हैं : स्वामी भागवतानंद बाबा



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के परसवन्ना ग्राम के बजरंगवली स्थान में संतमत सत्संग समिति, विनोबाटोला द्वारा संचालित अखिल भारतीय संतमत सत्संग शिवनाथ बाबा की अध्यक्षता में और महर्षि मेँहीँ भागवतधाम के संस्थापक आचार्य स्वामी भागवतानंद जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। स्वामी भागवतानंद बाबा ने कहा कि सत्सग ज्ञानयज्ञ है जो द्रव्यमय यज्ञ से बढ़कर है। आगे उनहोंने कहा कि हनुमानजी त्रेतायुग के संत हैं जो आज भी अमर हैं।

डॉ० शिवनाथ बाबा ने कहा कि संतमत सत्संग में जो साधु देवी-देवताओं की निंदा करते हैं, वे बच्चे हैं। सुबोध बाबा ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। नीतु कुमारी, हेगुरु, योगेश कुमार एवं कारु बाबा, कमलेश बाबा, श्रीलाल मंडल, मंटू मंडल, सुरेश बाबा, वासुदेव मंडल, अरुण बाबा, उपेंद्रनाथ महतो आदि सहित समस्त ग्रामीण कार्यक्रम में संलग्न थे। घोषणा हुई कि अगला मासिक सत्संग रामपुर में सत्ताईस अक्टूबर और किसनीचक भागवत में तीन नवम्बर को होगा। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद भी ग्रहण किए।

## शिक्षकों के स्थानांतरण नीति से शिक्षा में गिरावट : डॉ नितेश यादव

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम



- डॉ नितेश यादव ने कहा कि एनडीए की सरकार शिक्षक एवं छात्र के भविष्य के साथ कर रही है खिलवाड़

बिहपुर। सोमवार को कोसी स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी व युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ नितेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एन. डी. ए. सरकार द्वारा शिक्षकों की स्थानांतरण नीति की घोषणा लाखों शिक्षकों एवं छात्रों के साथ एक धोखा है। यह स्थानांतरण नीति शिक्षकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के लिए लाया गया है। वर्षों से शिक्षकों का स्थानांतरण उनके द्वारा किए गये आग्रह पर किया जाता था। अर्थात शिक्षकों का स्थानांतरण पूर्णरूपेण ऐच्छिक था। शिक्षकों का कार्य अन्य कर्मचारियों से भिन्न है। शिक्षक रचनात्मक कार्य करने में लगे रहते हैं।

छात्रों के भविष्य निर्माण का कार्य शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। इसलिए उन्हें मानसिक रूप से शांति की नितांत आवश्यकता होती है। यदि शिक्षक मानसिक रूप से परेशान रहेंगे तो वे छात्रों को सही तरीके से शिक्षा नहीं दे पाएंगे। पहले सरकारी स्कूल में पढ़कर ही जिलाधिकारी, डाक्टर , इंनजिनियर जैसे शीर्षस्थ पद पर अपनी सेवा देते थे। बिहार की वर्तमान सरकार सरकारी विद्यालय को बर्बाद कर रहे हैं। हर पांच वर्ष पर स्थानांतरण करने से शिक्षा की गुणवत्ता में ह्रास होगा। जबतक शिक्षक समाज के स्थानीय माहौल के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे तबतक फिर उसे दूसरे जगह भेज दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारी माला माल होता रहेगा। इस प्रकार शिक्षकों के इस स्थानांतरण नीति से शिक्षा में गिरावट आएगी और सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाएगा। वर्तमान सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोची समझी नीति के तहत काम कर रही है। ताकि बच्चे अशिक्षित रहे। शिक्षा को महंगा किया जा रहा है ताकि अकल के बैलों को अंधविश्वास के हल से जोता जा सके।

## राष्ट्रीय जनता दल ने कमतौल गांव से सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



मोरवा/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के चकपहार पंचायत के कमतौल गांव में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल ने बुधवार सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक रणविजय साहू ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीबों की पार्टी है।

जिला प्रभारी नागेन्द्र प्रसाद सिंह की उपस्थिति में विधायक ने बताया कि हर बूथ से कम से कम दो सौ नये सदस्य बनाये जायेंगे। नए सदस्य ललित राय, संतोष कुमार, राजेंद्र राय, राजकिशोर राय, शिव बालक राय, धर्मेंद्र कुमार, शिताबी राय, मोहम्मद वकील, प्रमोद कुमार नरेश शाह, रामचंद्र शाह,अमरेश राय, विपिन यादव सहित 3 सौ से अधिक नये सदस्य बनाये गये। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार यादव की अध्यक्षता एवं चमन कुमार यादव के संचालन में व्यावसायिक प्रकोष्ठ के चंदन कुमार साहू, दिनेश यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार राय, पू प संस अरविंद राय, जिला महासचिव जितेंद्र राय,पंचायत अध्यक्ष रामचन्द्र राय, रोशन यादव, चमन यादव,दिलीप राय, राकेश राय, अजय राम, सुरेश राय, राजकुमार राय,नवल राय,राघवेंद्र राय आदि लोगों ने बैठक को सम्बोधित करते हुए सदस्यता अभियान पर प्रकाश डाला। मौके पर पंचायत के अधिकांश सदस्य मौजूद थे।

## तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय





भागलपुर, पीरपैंती। दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित ग्राम कहलगांव टोला में दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला काफी रोचक और आकर्षक रहा। फाइनल मुकाबले में दिल्ली, आजमगढ़ ,हरियाणा, रांची, गोड्डा ,साहिबगंज ,कटिहार और भागलपुर के लगभग दर्जनों पहलवान ने जो आजमाइश किया' कटिहार के करण पहलवान को प्रथम पुरस्कार देते हुए सर्वश्रेष्ठ पहलवान घोषित किया गया ।वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में रोशन पहलवान बनारस को दिया गया।

वहीं तृतीय पुरस्कार के रूप में तानसेन पहलवान गोरखपुर को दिया गया। इसके अलावा सीनियर पहलवान में राजन पहलवान आजमगढ़ और सुरेंद्र पहलवान दिल्ली को सबसे सर्वश्रेष्ठ पहलवान घोषित किया गया 'आज के फाइनल मुकाबले में कल 36 जोड़ पहलवानों ने जोड़ आजमाइश किया' पुरस्कार वितरण समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष पप्पू यादव, परशुरामपुर मुखिया पवन यादव, राज़द उत्तरी अध्यक्ष मुरली यादव, अशोक राम ,सहित स्थानीय मुखिया सुकेश यादव ने किया ।फाइनल मुकाबले में रेफरी की भूमिका गणेश पहलवान और सुनील पहलवान ने निभाई ।जबकि उधोषक के रूप में रंजन यादव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई' कुश्ती प्रतियोगिता को सफल बनाने में मेला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, शैलेंद्र यादव, वीरकांत यादव ,अनिल मंडल ,दिनेश मंडल ,सुदर्शन यादव ओम प्रकाश यादव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त खबरें ।

## मोतिहारीः दुध के गैलन में रख विदेशी शराब की कर रहे तस्करी, पुलिस ने किया ज़ब्त



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः दूध के गैलन में रखे विदेशी शराब को बाइक सहित पहाड़पुर थाना के 112 टीम के द्वारा बरामद किया गया है। 2 दूध के गैलन में विदेशी शराब रख तस्कर मोटरसाइकिल से कर रहे थे शराब की तस्करी। गुप्त के आधार पर सूचना पर 112 की टीम द्वारा शराब सहित बाइक बरामद किया गया है। इस दौरान शराब तस्कर भागने में सफल हो गया। शराब की बोतलों की गिनती की जा रही हैं। वहीं पुलिस ने जब्त बाइक के आधार पर सत्यापन कर तस्कर की गिरफ्तारी के लिए रहीं छापेमारी।

## पतिलार में किया गया युवा एकता का गठन



क्षितिज राज

चौतरवा। पतिलार मे श्री हरिहर हाई स्कूल के प्रांगण में पतिलार निवासी हिमांशु पाण्डेय के नेतृत्व में युवा एकता गठन का आयोजन हुआ जिसमें युवा एकता का गठन किया गया।जिसमें सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई युवा को संबोधित करते हुए हिमांशु पांडे ने कहा कि खेल एजुकेशन और समाज की सोच युवा के लिए क्या है उस पर समाज और सिस्टम को जवाब देते हुए कहा कि युवा में अगर एकता रही तो हम युवा आगे बढ़ेंगे और विकास करेंगे उन्होंने बताया कि इस युवा संगठन की शाखाएं जल्द ही नरकटियागंज, बाल्मीकि नगर, रामनगर, बेतिया, मोतिहारी और सारी जगहो पर ओपन होगा वही इस युवा एकता गठन में प्रिंस यादव, विवेक राणा, साहिल राजपूत आनंद राव, विक्की गुप्ता और सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## भाजपा बिहार प्रदेश महामंत्री तथा संगठन प्रभारी को बगहा आगमन पर तुषार सिंह ने किया स्वागत

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर तथा बीजेपी संगठन प्रभारी योगी जी का बगहा आगमन पर भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने अपने आवास गेट पर उन्हें अंगवस्त्र से समान्नित किया। इस संदर्भ में महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर ने कहा कि बगहा विधान सभा क्षेत्र में तुषार सिंह की बढ़ती लोकप्रियता एक बेहतर भविष्य की नींव है। कहा कि बहुत कम दिनों में युवा नेता तुषार सिंह ने बगहा विधान सभा में भाजपा के वरीय कार्यकर्ता के रूप में अपना बेहतर छाप छोड़ा है। वही बीजेपी एक ऐसी संगठनात्मक विश्वस्तरीय पार्टी है ।जो जमीनी कार्यकर्ताओं के बल पर बहुउद्देशीय कार्य करने की क्षमता रखती है। इस दौरान नेता तुषार सिंह ने कहा कि आप दोनों को बगहा में बीजेपी के तमाम कार्यकर्ताओं के तरफ से स्वागत व वंदन करते है। आप लोग हम जैसे कार्यकर्ताओं के लिए मार्ग दर्शक के रूप में जाने जाते हैं।जो लगातार पार्टी के हित में कार्य करने का विशिष्ट गुण प्राप्त होता है। हमलोग भाजपा के सिपाही के रूप में आजीवन अनवर्त प्रयास जारी रखेंगे। इस दौरान दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देवी जागरण कार्यक्रम में मां के जयकारे से गूंजता रहा महफिल, उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। दशहरा मां दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के साथ रविवार की रात्री में शहर के बगहा बाजार स्थित श्री काली स्थान पूजा समिति सदस्यों द्वारा देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमे सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से जागरण प्रस्तुति के लिए महिला पुरुष कलाकार पहुंचे हुए थे .जिनके द्वारा देवी जागरण की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सह कांग्रेस के वरीय नेता सुरेंद्र प्रसाद कुशवाह ने द्वीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया .इसके पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री काली स्थान पूजा समिति सदस्यों को बधाई दी और कहा कि बगहा में सर्व प्रथम श्री काली स्थान से मां दुर्गा प्रतिमा का पूजा का शुभारभ किया गया था जो अब शहर से लेकर प्रखंड के गांव तक जगह–जगह मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शारदीय नवरात्र में भक्ति भाव से पूजा अर्चना की जाती है उन्होंने पूजा समिति सदस्यों को बेहतर ढंग से पूजा संपन्न होने की बधाई दी और दर्शकों को मां का आशीर्वाद सदैव मिलती रहे इसके लिए मां दुर्गा से प्रार्थना भी की इसके पश्चात देवी जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारों के द्वारा शुरू किया गया जिसकी प्रस्तुति देख दर्शन भक्ति भाव में मां भक्ति में गोता लगाते रहे मध्य रात्रि तक कार्यक्रम चला जिसमें महिला पुरुष बच्चों की अपार भीड़ बनी रही मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सिंटू सिंह, कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, पप्पू वर्मा, दीनानाथ प्रसाद, अजायनाथ, मुन्ना यादव, रंजीत राज आदि सदस्यो की बेहतर ढंग से पूजा संपन्न कराने को लेकर लोगो ने बढ़ाई दी।

द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य



## मोतिहारीः मानव तस्करी और बाल विवाह जैसे गंभीर विषय पर किया जागरूक



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। आज दिनांक 14/10/24 मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया 47वीं वाहिनी रक्सौल के एवम प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण के जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा +2 राजकीय जनता उच्च विद्यालय सिकटा में बच्चो और बच्चियों के बिच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयो जिसका उदेशय मानव व्यापार, (ट्रैफिकिंग) बाल विवाह, बाल यौन शौषण, बाल मजदूरी, साईबर क्राइम जैसी मुद्दों पर बच्चों को जागरूक करना था कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एस बी 47वीं वाहिनी सिकटा के इंस्पेक्टर विकास कुमार द्वारा किया गयो जिसमे मानव तस्करी से होने वाली दुष्परिणामो को विस्तार से चर्चा कर बच्चो को जागरूक किया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी मानव व्यापार, बाल यौन शौषण, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहयोग कर जड़ से मिटाने हेतु जोर दिया गया तथा उपस्थित बच्चे बच्चियों को बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई गई तथा चाइल्ड क्राईम और साइबर सिक्योरिटी पर स्कूल के बच्चों अध्यापको को समझाया कि कैसे इन सब से सतर्क रहना है। मानव तस्करी रोधी ईकाई के मुख्य आरक्षक अरविन्द दिवेदी ने बताया कि मानव तस्करी समाज के लिए कितनी घातक है यह हम सभी पता होना चाहिए और इससे कैसे बच्चा जा सकता है इस हेतु सभी को जागरूक होना अनिवार्य है।इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर 47ईं बटालियन एसएसबी सिकटा के राजेंद्र कुमार, मानव तस्करी रोधी इकाई एएचटीयू क्षेत्रक मुख्यालय 47वीं वाहिनी रक्सौल से कांस्टेबल मिक्की कुमारी, प्रयास संस्था से राज गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता, समेत लगभग 150 से अधिक स्कूल के बच्चे बच्चियाँ एवं स्कूल अध्यापक आदि शामिल थे।

## पतिलार में किया गया युवा एकता का गठन



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

चौतरवा। पतिलार मे श्री हरिहर हाई स्कूल के प्रांगण में पतिलार निवासी हिमांशु पाण्डेय के नेतृत्व में युवा एकता गठन का आयोजन हुआ जिसमें युवा एकता का गठन किया गया।जिसमें सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई युवा को संबोधित करते हुए हिमांशु पांडे ने कहा कि खेल एजुकेशन और समाज की सोच युवा के लिए क्या है उस पर समाज और सिस्टम को जवाब देते हुए कहा कि युवा में अगर एकता रही तो हम युवा आगे बढ़ेंगे और विकास करेंगे उन्होंने बताया कि इस युवा संगठन की शाखाएं जल्द ही नरकटियागंज, बाल्मीकि नगर, रामनगर, बेतिया, मोतिहारी और सारी जगहो पर ओपन होगा वही इस युवा एकता गठन में प्रिंस यादव, विवेक राणा, साहिल राजपूत आनंद राव, विक्की गुप्ता और सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## मोतिहारीः शिक्षा विभाग में घूसखोरी का खुलासा, रिश्वत लेते पकड़े गए बीपीएम पकड़े गए बीपीएम सुमित कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है, जबकि दूसरे आरोपी बीपीएम मोहम्मद फरीद की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। मोतिहारी के शिक्षा विभाग में घोटाले और रिश्वतखोरी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं। हाल ही में एक जूनियर इंजीनियर (जेई) ने फर्जी मापपत्र (मेजरमेंट बुक) तैयार करके लाखों रुपये का भुगतान करवा दिया था।अब एक नया वीडियो सामने आया है। जिसमें ढाका प्रखंड शिक्षा कार्यालय के दो ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) रिश्वत लेते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में बीपीएम सुमित कुमार एक शिक्षक से रिश्वत का पैसा लेते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनके साथ बीपीएम मोहम्मद फरीद भी वहां बैठे हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ढाका प्रखंड में एक बीपीएम की जगह पर दो बीपीएम की तैनाती की गई है।जबकि पास के पताही प्रखंड में एक भी बीपीएम की पोस्टिंग नहीं हुई है. ढाका के दोनों बीपीएम पर आरोप है कि वे शिक्षकों पर दबाव बनाकर उनसे रिश्वत लेते हैं. कई शिक्षकों ने इस बारे में लिखित शिकायत भी की थी, लेकिन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। जब यह मामला जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संजीव कुमार के संज्ञान में आया, तब जाकर कार्रवाई संभव हो पाई है। बता दें कि रिश्वत लेते हुए पकड़े गए बीपीएम सुमित कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। जबकि दूसरे आरोपी बीपीएम मोहम्मद फरीद की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही, वीडियो में रिश्वत लेने के बावजूद दोनों बीपीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने पर ढाका के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।



## करमा धरमा महोत्सव का उद्घाटन करने बगहा के सेमरा के डढ़िया गाँव पहुँचे केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे नें पारम्परिक तरिके से उद्घाटन किया।

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

करमा धरमा महोत्सव का उद्घाटन करने बगहा के सेमरा के डढ़िया गाँव पहुँचे केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे नें पारम्परिक तरिके से उद्घाटन किया । इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने आदिवासी उरांव समाज को ऐसे हीं प्रकृति पूजा करते रहने के साथ पहाड़, जंगल औऱ जल संरक्षण कि अपील किया ताकि आने वाला समय औऱ बेहतर हो ।जानकारी के लिए आपको बता दे कि बिहार के चम्पारण में आदिवासी उरांव महासभा प्रति वर्ष कि भांति इस साल भी अपना 40 वां स्थापना दिवस समारोह मना रहा है लिहाजा प्रकृति पूजा के साथ बहनों की रक्षा के लिए कइयों नें व्रत रखा है, क्योंकि ऐसी धारणा है की सैकड़ों वर्ष पूर्व बहन की पारिवारिक कलह में हुई हत्या के बाद उसके कलेज़े से यह करमा पौधा उगकर भाइयों कों बहनों की रक्षा समेत धन सम्पति औऱ उनकी सुरक्षा इसकी डाल लगाने में निहित होंनें का स्वप्न दिखाया तब से यह समुदाय इस करमा धरमा पर्व पर आराधना करते चला आ रहा है ।इसी कड़ी में पूजा अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धागड़ उरांव आदिवासी समाज की ओर से लोकनृत्य झमटा की प्रस्तुति क़र लोगों कों मंत्र मुग्ध क़र दिया ।मौके पर बगहा से बीजेपी सदर विधायक राम सिंह औऱ वाल्मीकिनगर के जेडीयू विधायक रिंकू सिंह भी मौजूद रहें ।।ता दें की भाई बहन के अटूट प्रेम का सन्देश देता करमा धरमा प्रकृति कों सहेजने व सजाने का प्रतिक है लिहाजा जल, जंगल औऱ जमींन कों बचाने के लिए आदिवासी उरांव महासभा सदियों से इनको समेटे चला आ रहा है । बाइट – जगन्नाथ उरांव, आयोजक करमा धरमा महोत्सव बाइट – सतीश चंद्र दूबे, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, पीले रंग की गमछा ओढ़े



## नव दुर्गा पूजा समिति ने एसडीएम गौरव कुमार को अंग वस्त देकर किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। नवरात्रि, दुर्गा पूजा और लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार की रात डीएम दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने नगर परिषद् क्षेत्र बगहा के मां भगवती पूजा समिति थाना रोड, नव दुर्गा पूजा समिति मवेशी अस्पताल स्थित, बांबे बाजार स्थित मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति, काली मां स्थान सहित पठखौली मां जगदम्बे पूजा समिति और आसपास के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा समितियों के आयोजकों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के लोगों को पंडाल प्रबंधन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। विशेष रूप से महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग–अलग प्रवेश और निकास की व्यवस्था के साथ–साथ पूजा पंडालों की सुरक्षा को देखा।और पूजा पंडालों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नवमी और विजयदशमी मेला के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस बल मेला देखने आने वाले श्रद्धालुओं का हर संभव सहयोग करेंगे ताकि वे खुशनुमा माहौल में मेले में घूम सकें और दर्शन पूजन कर सकें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल साइट पर आपत्तिजनक टिप्पणी, फोटो शेयर या पोस्ट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वही नवदुर्गा पूजा समिति के द्वारा डीएम एसपी व एसडीएम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही मां भगवती पूजा समिति थाना रोड स्थित दुर्गा पूजा पंडाल की प्रखंड बगहा वीडीओ प्रदीप कुमार ने भी शुक्रवार की रात निरीक्षण कर पूजा अर्चना की। मौके पर एसडीएम गौरव कुमार, दयाशंकर सिंह राकेश सिंह, मजिस्ट्रेट अमरेश सिंह, सुजीत निषाद पूजा समिति के अध्यक्ष विकास कुमार जायसवाल, संयोजक रितेश कुमार ठकुराई, सचिव संजय यादव, सदस्य छोटे यादव लकी यादव, राजेश प्रसाद, विकास यादव, गलटू यादव व नव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरमानी खां, व्यवस्थापक गुड्डू कुमार जयसवाल, सचिव डॉक्टर मोहन चौधरी, कोषाध्यक्ष राजू बैठा, दीपक सिंह उर्फ बाहुबली सिंह यजमान, मुन्ना सिंह प्रवक्ता, सदस्य पिंटू यादव, रोहित कुमार, गोलू कुमार, छोटे चौधरी, मुकुल शर्मा, उज्वल कुमार आदि उपस्थित थे



## केसरियाः मुस्लिम धोबी को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलें, इसको लेकर की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

पूर्वी चम्पारण। बिहार प्रदेश जमीयत इवारीन के केसरिया प्रखंड के पंचायत स्तरीय हवारी बेदारी के तहत् कढ़ान बैरिया गांव में चाय पर चर्चा करते हुए शिक्षा पर जोर आपसी मतभेद भूलाकर एक और नेक बनने तथा मुस्लिम धोबी को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की हैं। नाम और पेशा का दर्जा मिलें इन्हीं सभी एजेंडों को लेकर कई वक्ताओं ने खुलकर अपनी बात, सभी भाईयों के समक्ष रखी। और सरकार से अपने हक़ के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए विश्वास दिलाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मो.फारुख हवारी, एवं संचालन मो.एकरामुदीन हवारी ने किया। इस चर्चा में मुख्य वक्ता अरजाल मुस्लिम कान्फ्रेंस बिहार के संयोजक जनाब मो.सलीम रायपुरी ने अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ अक़बर हवारी, प्रखंड महासचिव, ग़ुलाम रसुल, राज़ मोहम्मद, मकबूल अशयद, मोहम्मद कलाउदीन, मो.नासीर, मो.साबीर, मो.इमरान, आदि कई गणमान्य लोग शामिल हुए।



## विजयदशमी पर बगहा में आशीर्वाद लेने देने व मेल– मिलाप की अनूठी परंपरा वर्षों बाद भी जीवंत, पान खिलाने का है विशेष रिवाज

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

दिखावे की श्रेष्ठता व दबदबा की झूठी धौंस एवं अहम के भाव से भले ही सिकुड़ता जा रहा है, वर्तमान की अनूठी परंपरा तथापि आधुनिकता पर श्रद्धा, नवविनता पर परंपरा भारी ।सजती हैं थालियां, गूंजती है, किलकारियां । मलकौली से लेकर नारायणपुर तक विजयदशमी की अनूठी परंपरा और श्रेष्ठ संस्कृति क्या कहती है? वार्ड –2 निवासी समाजसेवी निप्पू कुमार पाठक ने विजयादशमी के अवसर पर खास तौर आयोजित होने वाली परंपरा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि यह कोई आम नहीं, बेहद खास परंपरा है। लगभग बगहा अनुमंडल के बगहा–2 प्रखंड के मलकौली वार्ड संख्या –2 से नारायणपुर वार्ड संख्या –4 के तक लगभग हर घरों में व्याप्त है। आधुनिकता के चकाचौंध में भी एक– दूसरे से यथायोग्य आशीष लेने व देने की वर्षों पुरानी परंपरा बदस्तूर आज भी कमोबेश कायम है*। यूं कहें कि आधुनिकता पर श्रद्धा व नविनता पर परंपरा भारी है। इसकी जड़ इतनी मजबूत है कि लोगों के अहम वहम और अपने को दूसरे से श्रेष्ठ मानने की गुरुर के के कारण टकराते विचारधाराओं के बीच भी हर वर्ग और जाति के लोग एक दूसरे के यहां जाकर यथा योग्य आशीर्वाद लेते और देते हैं । लगभग सभी लोग इसका अनुपालन भी करते हैं* ।वर्षों से चली आ रही यह प्राचीनतम परंपरा के विषय में जो वर्तमान में भी मलकौली –पठखौली नारायणपुर के हर घर में रचा–बसा है। वह अनुंठी परंपरा, जो विजयदशमी के त्यौहार के अवसर पर खास श्रद्धा व विशेष रूप से आयोजित होता है। शारदीय नवरात्रि के समाप्त होने पर विजयादशमी की खुशियां घर–घर मनाई जाती हैं।माता शक्ति के व्रत के बाद लोग उपवास भंगकर दशहरा का त्योहार मनाते हैं।तरह–तरह के पकवान बनाते व खाते हैं। लेकिन वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या –4 मलकौली से नारायणपुर के सांयकालीन परिदृश्य कुछ और ही होता है। घर –घर मिठाईयों व पान के खास व्यंजनो की थालियां व मेज सज जाते हैं*। सांय होते ही मेल –मिलाप का दौर शुरू होता है।शाम के समय अपने से छोटे –बड़े सभी एक दूसरे के घर जाकर आशीर्वाद लेते व देते है। जहां दरवाजे पर अभिभावक आगंतुक पुरुषों का स्वागत व अभिनंदन करते हैं। वहीं आंगन में सजी–धजी मिठाइयों और पान की थालियां के साथ घर के भीतर महिलाएं आगंतुक बहू बेटियों व माताओं का स्वागत व अभिनंदन करती है ।सभी लोग आपस में मिलते हैं । सभी छोटे बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं।तब मिठाइयां, पकौड़ी पान आदि खाने को मिलते हैं। इस दिन पान खिलाने की विशेष परंपरा है*। पान खाने की यह परंपरा कैसे, क्या शुरू हुई? यह तो मालूम नहीं। परंतु परंपरा का ऐसा महत्व है कि छोटे से बड़े महिलाएं भी इस दिन पान खाती हैं।



शायद पान खिलाना मित्रता का द्योतक व शुभ माना जाता है । पान मित्रता व बंधुत्व व प्रतिष्ठा का परिचायक माना जाता है। क्योंकि एकबार अकबर ने जब अपने दरबारियों से पूछा कि कौन ऐसा पत्ता है, जो भाईचारा और मित्रता को बढ़ाता है ।तब सभी के शांत रहने पर बीरबल ने जवाब दिया था कि केवल पान का पत्ता ऐसा है, जो केवल होठों की लाली नहीं बल्कि मित्रता की चमक को भी गाढ़ा करता है* ।शायद यही बात यहां के विजयदशमी के दिन पान खाने की परंपरा का है।आज के इस विजयादशमी के दिन पान खाने का तात्पर्य शत्रुता का भाव का त्याग कर मित्रता को गाढ़ा करने से है।

पर सत्य यह भी है कि समाज में कुछ ऐसे तथाकथित लोग हैं। जो अपने वर्षों के झूठे दिखावटी बड़प्पन व वर्तमान के छोटों के यश से घबराकर ईर्ष्या के कारण मेल –मिलाप की इस अनुठी परंपरा को भले ही लघु करते जा रहा है। तथापि कुछ ऐसे लोग हैं जिनके कारण परंपरा आज भी जीवंत है*। जिसे देखकर आपसी मेल– मिलाप एवं आशीष लेने व देने के परंपरा व संस्कृति को नया आलंबन मिलता दिखाई पड़ रहा हैं। बाहर के लोग सुनकर आश्चर्यचकित होते हैं कि यह परंपरा जो बगहा दो प्रखंड के मलकौली –पठखौली और नारायणपुर में मौजूद है। सराहनीय और अनुपालनिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 230 करोड़ की लागत से मझौली–चोरौत एनएच पर बनेगा मेगा ब्रिज 50 हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ



दीपक कुमार

मुजफ्फरपुरः बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बागमती और लखनदेई नदी के पास बसे दर्जनों गांव वालों के लिए अच्छी खबर है. दरअसल मझौली–चोरौत एनएच 527 सी के बागमती व लखनदेई नदी पर नए सिरे से बनने वाले मेगा ब्रिज की लागत 230 करोड़ रुपए होगी. अक्टूबर के पहले सप्ताह में एजेंसी इस पर काम शुरू करेगी. बता दें कि पहले से भी दोनों नदी पर अलग–अलग दो पुल बनाए गए थे लेकिन, अब दो की जगह एक ही तीन किलोमीटर लंबा मेगा ब्रिज का निर्माण किया जाएगा. इसको लेकर काम की कवायद शुरू की जा रही है. 12 गांवों और 50 हजार लोगों को सीधा मिलेगा लाभ आपको बताते चलें कि ठल्क ने पूर्व के एस्टीमेट में सुधार कर नए सिरे से टेंडर कराया है, जिसके बाद मेगा ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. वही अभि दुर्गा पूजा भी है जिसके दौरान ही कार्य शुरू होगा. जानकारी के मुताबिक बता दें की बागमती और लखनदेई नदी पर अलग–अलग दो पुल और कल्वर्ट बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था. इसमें बागमती पर 240 मीटर और लखनदेई नदी पर 80 मीटर का पुल बनना था. वहीं, 80 मीटर के छोटे–छोटे कल्वर्ट बनाने थे.इन सभी की लागत करीब 75 करोड़ रुपए आ रही थी, जबकि नए सिरे से बनने वाले मेगा ब्रिज की लागत करीब 230 करोड़ रुपए है.ब्रिज के दोनों तरफ 28–28 मीटर चौड़ी सड़क होगीबता दें की बागमती और लखनदेई पर पुल बनने के बाद इसके बीच में कुछ खाली जगह बच रही थी. ठल्क को आशंका थी कि बाढ़ के समय पानी का बहाव होने पर रास्ता बंद हो जाता. वहीं इसको लेकर एनएचएआई के परियोजना निदेशक ललित कुमार ने देशज टाईम्स को बताया कि फोरलेन मेगा ब्रिज की चौड़ाई 56 मीटर होगी. मेगा ब्रिज पर दोनों तरफ 28–28 मीटर चौड़ी सड़क होगी.मेगा ब्रिज का निर्माण कार्य कटरा गांव स्थित बागमती नदी से पहले शुरू होगा इसके बाद बागमती, लखनदेई, बसघट्टा, गौरा स्थित टोल प्लाजा के समीप तक वेल फाउंडेशन की तर्ज पर मेगा ब्रिज का निर्माण होगा. 66 पिलर में 65 स्पैन भी होगा. गौरा तक टू लेन सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है. एनएचएआई ने 30 माह के अंदर निर्माण का लक्ष्य तय किया है. इससे लोगो को काफी सुविधा मिलेगा.

### वारिसनगर/समस्तीपुर।पांच पियकड़ को भेजा जेल

दिलिपकुमार ठाकुर

वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस बीते शुक्रवार को थानाक्षेत्र के मुक्तापुर रेल गुमती के पास से पांच पियकड़ को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जेल भेजा। बिहार मध निषेध एवम उत्पाद अधिनियम की धारा सेतिस सी के अभियुक्त राहुल कुमार साकिन पंजाबी कॉलोनी थाना नगर, पियूष कुमार साकिन मोहनपुर थाना मुफस्सिल ,कुणाल कुमार साकिन थाना मथुरापुर, दिवाकर कुमार साकिन बखरी बुजुर्ग थाना मुसरीघरारी एवम संतोष कुमार साकिन अकबरपुर थाना मथुरापुर सभी जिला समस्तीपुर को गिरफतार करते हुए माननीय न्यायलय हिरासत वास्ते भेजा है कि पुष्टि एसएचओ मुकेश कुमार ने की है।

### टोटो बाइक टक्कर में दो लोग घायल।



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। प्याला पुर के पास टोटो चालक दूसरे यात्री को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार पर उलट गया। इसमें दो लोग घायल हो गए । घायलों में अलीशा मुर्मू, पिता मांगेन मुर्मू, थाना ललमटिया जिला गोड्डा ,दूसरे घायल प्रभात कुमार उम्र 38 साल बाराहाट ।दोनों गंभीर रूप में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पीरपैंती लाया गया।परिजनों को सुचना दे दी गई है। परिजन असपताल पहुंच गए हैं।चिकित्सक डॉक्टर नीरज कुमार ने उन लोग का बेहतर इलाज किया। घायल प्रभात कुमार को रेफर कर दिया गया।परिजन अन्यत्र चिकित्सा के लिए ले गए ।जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

# हुजूर...यही है शराबबंदी ? नीतीश कुमार की पार्टी खऊ्व का नेता 'शराब कारोबारी', पुलिस ने केस दर्ज किया...कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल हो गई, फिर भी पद पर बने हैं

लोकतंत्र की आवाज़

**नीतीश कुमार न2016 में शराबबंदी कानून लागू किया था**



**खगढ़िया** । बिहार में शराबबंदी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है शराबबंदी. अपने सपने को साकार करने के लिए नीतीश कुमार ने 2016 में शराबबंदी कानून लागू किया था. तब से इतने साल बीत गए, लेकिन मुख्यमंत्री ने शराबबंदी कानून को वापस नहीं लिया है. यह तो एक पक्ष हुआ.दूसरा पक्ष भी देख लीजिए. सूबे में सिर्फ कहने को शराबबंदी है..यहां तो पग–पग पर शराब की सप्लाई हो रही है. इस अवैध धंधे में सरकार के अधिकारी–कर्मचारी से लेकर सत्ताधारी दल के नेता भी लगे हुए हैं. सब मिल जुल कर माल बना रहे. एक ऐसा ही केस खगड़िया जिले से सामने आई है, जहां नीतीश कुमार की पार्टी के एक नेता के परिसर से शराब बरामद हुई. थाने में मुकदमा दर्ज हुआ. जेडीयू नेता पर दर्ज मुकदमे को सत्य करार देते हुए जांच अधिकारी ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया है. पुलिस ने अपना काम कर लिया,लेकिन नीतीश कुमार की पार्टी अभी भी उसे पद पर बिठाये हुए है,यानि जेडीयू में पद पाने के लिए शराब माफिया होना जरूरी है।हुजूर...सुधार अपने घर से कीजिए: कहा जाता है कि सुधार की शुरूआत अपने घर से किया जाना चाहिए। लेकिन शराब मामले में ऐसा नहीं हो रहा. शराब के अवैध धंधे में लिप्त पाए जाने पर पुलिसकर्मी–अधिकारी पर तो कार्रवाई होती है, लेकिन सत्ताधारी दल के नेता पर कोई कार्रवाई नहीं होती. 22 अप्रैल 2024 को पुलिस ने जेडीयू के एक प्रखंड अध्यक्ष के निजी परिसर से शराब बरामद की थी. पुलिस ने जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज किया. पुलिस ने जांच में आरोप सत्य पाया. जांच अधिकारी ने आरोप सत्य पाते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया. लेकिन प्रखंड अध्यक्ष अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं. मामला खगड़िया जिले के गोगरी प्रखंड के जेडीय अध्यक्ष माया राम से जुड़ा है। जेडीयू प्रखंड के खिलाफ अप्रैल 2024 में केस...अगस्त 2024 में चार्जशीट :गोगरी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 22 अप्रैल 2024 को गोगरी जमालपुर कुर्मी टोला में मायाराम मंडल के आवास की तलाशी ली थी. जानकारी मिली थी कि वे अपने आवास पर देसी शराब की खरीद बिक्री कर रहा था. पुलिस जब वहां पहुंची तो तलाशी ली गई ,जिसमें एक घर में भूसा में रखे लाल रंग का गैलन मिला. जिसमें लगभग पांच लीटर देसी शराब बरामद हुआ था. इस दौरान मायाराम को खोज किया गया, तो वह अपने आवास पर नहीं मिले . जब्ती सूची की एक प्रति उनके आवास पर चिपका दिया गया था. इस मामले में पुलिस ने गोगरी थाने में 146/ 24 केस दर्ज किया था. पुलिसिया अनुसंधान में यह मामला सत्य पाया गया. आईओ ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया. जिसमें कहा गया है कि प्राथमिकी अभियुक्त माया राम के खिलाफ मामला सत्य पाया गया है. केस के आईओ रंजन कुमार ने मायाराम मंडल के खिलाफ 26 अगस्त 2024 को चार्जशीट समर्पित किया। जेडीयू जिलाध्यक्ष बोले– चार्जशीट दाखिल किये जाने की जानकारी नहीं :इस संबंध में खगड़िया जिला जेडीयू अध्यक्ष बबलू मंडल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गोगरी प्रखंड अध्यक्ष माया राम के खिलाफ दर्ज शराब केस को पुलिस द्वारा सत्य करार दिए जाने और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है. जहां तक प्रखंड अध्यक्ष के खिलाफ शराब संबंधी केस दर्ज किए जाने की बात थी, वो लोकल राजनीति के चलते दर्ज किया गया था. शराब उसके घर से नहीं मिला था, बल्कि खेत से मिला था. प्रखंड अध्यक्ष को फंसाया गया है।

## सिरदलाः जयनगर गांव के शिव मंदिर परिसर में नवरात्र में स्थापित कलश का हवन पूजन कर किया गया विसर्जन



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

**सिरदला** । प्रखंड के जयनगर गांव में दुर्गा मंदिर परिसर में नवरात्र में स्थापित कलश का हवन पूजन कर ढोल बाजे के साथ विसर्जन कर दिया गया है।इस दौरान विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रोचार कर हवन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तथा मंदिर के बेदी परिसर में 24 घंटे का अखंड भजन कीर्तन का समापन किया गया। समापन के पहले हर–हर बम बम, जय माता दी के जय घोष के साथ मंदिर परिसर में पांच बार परिक्रमा कर अखंड का समापन किया गया। मौके पर लखन भगत फूलधरिया विसुन प्रसाद, पुजारी लकेश्वर प्रसाद, सूरज कुमार, दिनेश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, दीपक कुमार, राधो प्रसाद, संजीत कुमार, कृष्ण प्रसाद, अश्विन कुमार, राजकुमार सिंह,विनोद शर्मा,राजेन्द्र यादव,डोमन राजवंशी आदि उपस्थित थे।

## सगे भाइयों की डूबने से मौत, परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल।



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के एकचारी थाना क्षेत्र खवासपुर के रमाकांत यादव के दो पुत्र शिवम कुमार 14 वर्ष और अजीत कुमार 13 वर्ष की शुक्रवार को तालाब डूबने से मौत हो गई।दोनों अपने मां के साथ नानी के घर दुर्गा पूजा देखने झारखंड के राजमहल स्थित कोठी बगीचा गए थे। वहां के बच्चों के साथ तालाब में दोनों भाई नहाने गए ।गहरे पानी में चले गए। खोजबीन में उनके तालाब में डूबने की संदेह होने पर खोजबीन की गई तो दोनों का शव तालाब में निकाला गया ।पूर्व विधायक रामविलास पासवान ,जिला परिषद सदस्य जनार्दन प्रसाद आजाद, मुरली यादव ने परिजनों को हिम्मत दिया। हर तरह का सहयोग करने का भरोसा दिया । परिवार में इन दो भाइयों के अलावा एक बहन है ।परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है ।आसपास के लोग सांत्वना दे रहें हैं।

## भक्तिमय दुर्गा पूजन मूर्ति विसर्जन रावण दहन किया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**दिलिपकुमार ठाकुर**

**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखण्ड में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा पूजा प्रखण्ड के विस दुर्गा मंदिरों में प्रतिमा स्थापित करते हुए किया गया ।वही दशहरा को पूजन संपन्न करते हुए विसर्जन शांति पूर्वक किया गया । प्रखण्ड में दो जगहों पर रावण दहन कार्यक्रम किया गया जिसमे इल्मासनगर एवम बछौली दुर्गा मंदिर में दशहरा पर्व पर किया गया रावण दहन,हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। खानपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज बछौली के दुर्गा मंदिर सोनसा बछौली में दुर्गा पूजा के उपरांत आज दशहरा के आवसर पर रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, राज्य महिला आयोग के पूर्व सदस्य नीलम सहनी,प्रशिक्षु डीएसपी रिशिता स्नेह,प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा, अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से विधिवत मंत्रोचारण के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि असत्य पर सत्य का विजय और अधर्म पर धर्म का विजय का प्रतीक है रावण दहन।उन्होंने कहा आम जनमानस को इससे सीख लेना चाहिए और समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए।राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्या नीलम सहनी ने कहा कि नए जेनरेशन को पूर्वजों के द्वारा दिया गया सामाजिकता और धार्मिकता को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए।उन्होंने रावण की चर्चा करते हुए कहा कि ये त्रिलोक के राजा थे,लेकिन अधर्म की तरफ ध्यान करने से उनका नाश हो गया।गौरतलब हो की पूजा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र रंजन की अध्यक्षता में और सरपंच रमेश वर्मा की देखरेख में समाज के सहयोग से इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।थाना प्रशासन प्रखण्ड प्रशासन एवम अंचल प्रशासन पूरी मुस्तैदी से सभी जगह उपस्थित रहे और शांतिपूर्वक यह पर्व संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुखिया विनोद कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र सहनी,अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह,सुबोध कुमार यादव,पूनम कुमारी,डॉक्टर लाल बाबू,दिलीप कुमार राम,संजीव कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खानपुर ब्लॉक कोल्ड स्टोरेज मैदान में किया रावण दहन, हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

लोकतन्त्र की आवाज़



**दिलीपकुमार ठाकुर**

**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड में इलामासनगर कोल्ड स्टोरेज परिसर में दुर्गा पूजा एवं दशहरा के अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर लोकसभा सांसद मुख्य अतिथि शांभवी चचौधरी विधान पार्षद डॉ तरुण कुमार चौधरी, जिला परिषद सदस्य स्वर्णिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 विजय महतो, परि डीएसपी रिशिता स्नेह, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा, अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से महामंडलेश्वर बाबा राम सेवक दास के द्वारा उच्चारित विधिवत मंत्रोचारण के साथ फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।जिसमे रावण दहन कार्यक्रम पूरा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि असत्य पर सत्य का विजय और अधर्म पर धर्म का विजय का प्रतीक है रावण दहन। उन्होंने कहा आम जनमानस को इससे सीख लेना चाहिए और समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए।वहीं विधान पार्षद डॉक्टर तरुण कुमार चौधरी ने कहा कि नए जेनरेशन को पूर्वजों के द्वारा दिया गया सामाजिकता और धार्मिकता को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए।उन्होंने रावण की चर्चा करते हुए कहा कि ये त्रिलोक के राजा थे,लेकिन अधर्म की तरफ ध्यान करने से उनका नाश हो गया। गौरतलब हो की पूजा समिति के अध्यक्ष राजगीर महतो की अध्यक्षता में और जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामनारायण सिंह तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय कुशवाहा की देखरेख में समाज के युवाओं के सहयोग से इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर लोजपा के प्रदेश सचिव अंटू ईश्वर,पूर्व उप प्रमुख पवनदेव प्रसाद सिंह,मुखिया अनीता देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य डॉक्टर अनिल कुमार,विधायक निजी सहायक मनोज कुमार महतो, रामावतार सिंह, महेश्वर राम, अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, सुबोध कुमार यादव, पूनम कुमारी, डॉ राणा नितेश कुमार सिंह, डॉ लाल बाबू, संजीव कुमार सिंह, युवा एकता मंच के विकास कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता और हजारों श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

# उन्नचास वर्षीय शंकर सहनी की लाश तालाब में उपलाता बरामद

लोकतन्त्र की आवाज़



**दिलिपकुमार ठाकुर**

**खानपुर/समस्तीपुर।** थानाक्षेत्र के रेबड़ा पंचायत वार्ड 4 स्थित रेबड़ा तालाब में अहले सुबह करीब सात बजे पूर्वाह्न में एक अधेड़ की लाश को उपलता हुआ देखा गया।खबर पर पहुंची खानपुर पुलिस एवम चौकीदार द्वारा लाश को बाहर निकाला गया। जिसमे मृतक की पहचान रेबड़ा वार्ड 4 निवासी मृतक शंकर सहनी उम्र 49 वर्ष पेसर स्व राम जापो सहनी साकिन रेवड़ा वार्ड 4 थाना खानपुर जिला समस्तीपुर के रूप में की गई। पुलिस लाश को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए अंत्य परीक्षण वास्ते सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा गया। अंत्यपरीक्षण उपरान्त लाश परिजन के सुपुर्द किया गया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही मृतक बीते परसो शौच वास्ते संध्या में तालाब की तरफ गया रहा जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और डूबने से मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पाकर राज्य महिला आयोग के पूर्व सदस्य नीलम सहनी, स्थानीय जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र कुमार राय, सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार राय, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मृतक के घर पहुंच इस हदय विरादक घटना पर अपनी अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। साथ ही पीड़ति परिवार को ढांढस बंधाया।मौके पर वार्ड सदस्य महावीर सहनी,डॉक्टर लाल बाबू,दिनेश प्रसाद महतो,केदार प्रसाद राय,कैलाश सहनी,मोलन सहनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें है।

## गायघाट। रामनगर में मस्जिद तक जाने वाली सड़क पर हो रही जलजमाव वहां के ग्रामीणों का जीवन नारकीय

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट।** प्रखंड की पंचायत रामनगर में ग्रामीण सड़क मार्ग पर मस्जिद तक जाने वाली सड़क पर हो रही जलजमाव से वहां के ग्रामीणों का जीवन नारकीय बन गया है. इस सड़क की हालत केवल बरसात ही में नहीं बल्कि, सालों भर यत्र–तत्र जलजमाव की स्थिति बनी रहती है. ज्यादा समय तक पानी जमने से उससे दुर्गंध निकलती है. जिससे बीमारी फैलने की संभावना बढ़ गई है. यहां के कतिपय लोगों ने सड़क से पानी निकलने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है. इसी कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई है. आश्चर्यजनक बात यह है कि इसी जगह से कुछ ही दूरी पर स्कूल भी है. परंतु इस समस्या को किसी स्तर से गंभीरता से नहीं लिया जाता है. स्थानीय ग्रामीण ने प्रखंड एवं अंचल प्रशासन से जलजमाव की समस्या दूर करने की मांग अबतक नहीं की है. आसपास के लोग बताते हैं कि पानी लगने से यहां के लोग परेशान हैं. यह ईंट से निर्मित सड़क है. इस सड़क से होकर स्कूली बच्चे भी प्रतिदिन स्कूल जाते हैं. मुख्य सड़क रहने के बावजूद पंचायत के प्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं देते हैं. आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों में आक्रेश है. कभी भी लोगों का गुस्सा आंदोलन का रूप ले सकता है. स्थानीय लोग सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही जल–जमाव की समस्या दूर नहीं की गई तो इसको लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# हरियाणा प्रदेश में उत्तर प्रदेश के 11 प्रवासी दलित मजदूरों को बंधक बनाकर पीटने के विरोध में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का फूंका गया पुतला।

लोक तन्त्र की आवाज़



**बिहारशरीफ** । बिहारशरीफ के पचासा चौक स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा के समक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के तत्वाधान में हरियाणा राज्य में हिसार जिले के बरवाला थाना क्षेत्र में बनाभौरी गांव में एक मेले में उत्तर प्रदेश से लाए गए 11 दलित मजदूर पर अपराधियों के द्वारा बंधक बनाकर पीटने के विरोध में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फुंका गया।इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान, मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा प्रदेश के हिसार जिले के बरवाला थाना क्षेत्र के बनाभौरी गांव में 11 दलित मजदूर को बंधक बनाकर वेरहमी से पीट–पीट कर उन मजदूरों के गुप्तांगो में डांटे एंव उनके शरीर पर चढ़कर उन्हें न केवल जलील किया बल्कि कठोर यातना देने की कुकृत्य की है, ऐसे करने वाले समाज के गद्दार लोगों ने बेबस मजदूरों को बेरहमी से पीट–पीट कर घायल कर दिया। उनके द्वारा जातिगत गालियां दी गई। मजदूरों के साथ अमानवीय अत्याचार किया गया। हम इस दमनकारी नीतियों का विरोध करते हैं। इस घटना को लेकर बरवाला थाना प्रभारी ने मुकदमा नंबर– 730 दिनांक 10–10–2024 धारा 115 127 (2) 190 191 308 (4)351 (3) के तहत दर्ज किया है। इस घटना का जिम्मेवार वहां के प्रशासन के साथ–साथ भारत के गृह मंत्री अमित शाह भी हैं, जो अभी तक मौन है।मांगः– (1) इस घटना में संलिप्त सभी दोषियों को गिरफ्तार किया जाय एवं न्यायिक जांच करते हुए दोषियों को सजा दी जाए।(2) इस घटना में लाफरवाह बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी को रउ अू३ के तहत मुकदमा दर्ज की जाए।(3) सभी 11 प्रवासी मजदूरों को सरकारी खर्च पर इलाज कराई जाय एवं मुआवजा दिया जाए। पुतला दहन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सादिक अजहर जिला उपाध्यक्ष उमेश पंडित सूरज प्रताप कोहली जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ललित देवी संख्यानुपाती भागीदारी पार्टी के प्रदेश महासचिव मुन्ना कुमार नगीना पासवान भुनेश्वर यादव अशोक पासवान जोगिंदर पासवान सुभाष चौहान आदि दर्जनों लोग शामिल हुए।

# बरदाहा मेला को मिले सरकारी दर्जा, अगले साल से होगा 'बरदाहा महोत्सव': रंटू मंडल

लोक तन्त्र की आवाज़



**फारबिसगंज।** बरदाहा मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और ठेलामोहन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि युवराज राजारमण भास्कर उर्फ रंटू मंडल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बरदाहा मेला उत्तरी बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने इस मेले को सरकारी मेला का दर्जा देने की मांग की, ताकि यह और भी भव्य रूप ले सके।

रंटू मंडल ने कहा, यह मेला न केवल स्थानीय समुदाय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा सकता है।' उन्होंने बताया कि इस वर्ष से मेला को 'बरदाहा महोत्सव' के रूप में आयोजित करने की योजना है, जिससे इसकी पहचान और बढ़ेगी।

उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार से अपील की कि वे इस आयोजन को समर्थन दें ताकि भविष्य में इसे और बेहतर बनाया जा सके। रंटू मंडल ने कहा, 'हम चाहते हैं कि बरदाहा महोत्सव को सभी स्तरों पर मान्यता मिले, जिससे यह न केवल मनोरंजन का स्रोत बने, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती प्रदान करे। इस दौरान, रंटू मंडल ने मेला में शामिल दर्शकों और कलाकारों की सराहना की, खासकर भोजपुरी गायिका अदिति राज और तिवारी बंधु की प्रस्तुति की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। रंटू मंडल का यह बयान बरदाहा मेले की महत्ता को उजागर करता है और यह दिखाता है कि वे इसे और अधिक प्रतिष्ठित बनाने के लिए किस प्रकार प्रतिबद्ध हैं।

- बरदाहा मेला में भोजपुरी गायिका अदिति राज एवम तिवारी बंधु की शानदार प्रस्तुति

**बरदाहा मेला में अदिति राज व तिवारी बंधु की रही की शानदार प्रस्तुतिः** उत्तरी बिहार के चर्चित बरदाहा मेले में इस वर्ष का आयोजन शानदार रहा। मेला लगभग एक पक्ष तक चलता है और दर्शकों के लिए थियेटर, चित्रहार, मौत का कुआं, झूला और अन्य मनोरंजन संसाधनों से भरा हुआ है। बीती रात, सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन फारबिसगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और ठेलामोहन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि युवराज राजारमण भास्कर उर्फ रंटू मंडल ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलापरिषद सदस्य मायानंद ऋषिदेव, अभिषेक और अन्य माननीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या में भोजपुरी गायिका अदिति राज और तिवारी बंधु की युगल प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी एक से बढ़कर एक गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर मेला उद्घाटन में स्थानीय विधायक और रानीगंज विधायक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की। बरदाहा मेला ने अपने सांस्कृतिक रंग से सभी को एकजुट किया और इस क्षेत्र की समृद्ध परंपरा को जीवित रखा है।

# शशि सरोजिनी रंगमंच द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश की जयंती आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** स्थानीय जेपी पार्क में सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के जनक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण मुरारी प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में ऐसे महान नेता को देखा कि जब वे जीवित थे तब भी छात्रों ने लाठी खाया। जब दिवंगत हुए तब भी लाठी खाया। ऐसा किसी को सौभाग्य नहीं हुआ। जब उनके शव अग्नि में प्रवाहित हो रहे थे। उस समय जो भीड़ जो सभा उमड रही थी उसको भी लाठी से कंट्रोल किया गया।

इससे पूर्व विशिष्ठ अतिथि महिषी के विधायक गुंजेश्वर साह, पूर्व विधायक अरुण कुमार यादव, पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य एवं संस्थान के संरक्षक डॉ. के एस ओझा, संस्थान के मुख्य संरक्षक उच्च न्यायालय, पटना के अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा, जदयू प्रदेश नेत्री सह जिला बीस प्वाइंट सदस्य स्मिता सिन्हा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करते हुए जे पी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्थान सचिव वंदन वर्मा के संचालन में महिषी विधायक श्री साह ने संबोधित करते हुए कहा कि जय प्रकाश नारायण ऐसे महानविभूति है जो अन्याय, अपराध, दुराचार, अनाचार के खिलाफ खड़ा होने का दुस्साहस किया करते थे। 1942 का क्रांति हो या 1975 का काला दिन जब इमरजेंसी लगी थी। वही पूर्व विधायक श्री यादव ने संस्थान के इस आयोजन का सराहना और हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जेपी जैसे क्रांतिकारी नेता इस देश-दुनिया मेंयदि कोई है तो इनके बाद ही है नहीं तो इनके सिवाय कोई नहीं है।

इस दौरान संस्थान के सचिव श्री वर्मा के द्वारा शहर के किसी मुख्य चौराहे एवं जेपी पार्क में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की गयी तो उपस्थित विधायक द्वय ने हरसंभव मदद करने का भरपूर आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जेपी के व्यक्तित्व के अनुसार जगह चिन्हित कर बहुत जल्द ही इस दिशा में कार्य किया जायेगा। मौके पर सुन्दरम कुमार ने अपने सुमधुर भजनों से जेपी को श्रद्धांजलि दिया तथा तबला पर रोहित ने संगत किया। समारोह में नाट्य निर्देशक कुंदन वर्मा, सुदर्शन कुमार, राज कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सत्यम, लक्ष्य वर्मा, कृष्णा, माही, साक्षी आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें।

### पूर्व मंत्री शाहनवाज, पूर्व विधायक अनिल यादव सहित राजद नेताओं का सम्मान समारोह





लोक तंत्र की आवाज

कुर्साकांटा। हाल ही में भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हुए धर्मानंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास के आमंत्रण पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में माननीय पूर्व मंत्री और जोकीहाट के राजद विधायक शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक नरपतगंज अनिल यादव, और प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव शामिल हुए। राकेश विश्वास के आवास पर आयोजित इस समारोह में आगत नेताओं का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। राकेश विश्वास ने कहा, "हम सभी एकजुट हैं और पार्टी के विकास में योगदान देंगे।" राजद नेताओं ने भी राकेश विश्वास का तहे दिल से स्वागत किया और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर निवर्तमान रानीगंज विधानसभा के राजद प्रत्याशी अविनाश मंगलम, प्रखंड राजद अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, और अन्य कई नेता उपस्थित रहे। इस समारोह ने राजद परिवार की एकता और सद्भाव को दर्शाया, जो पार्टी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

### 19 बोतल विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस की कार्रवाई



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में पिट्ठु बैग में अवैध अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो कारोबारी को थाना क्षेत्र के रानी हाट से गिरफ्तार किया गया। सिमरी बख्तियारपुर पुलिस अवर निरीक्षक इंदल कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर की रात गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि रानीहाट बाजार से सिमरी की ओर सड़क पर दो युवक पिट्टू बैग में अंग्रेजी शराब लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद रानी हाट बाजार गस्ती टीम के साथ पहुंचे। तो पुलिस टीम को देख कर दो युवक भागने लगे। जिन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ में आए युवक थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव, वार्ड नंबर 7 जगदीश शाह के पुत्र पिंटू कुमार और ढाब गांव, वार्ड नंबर 9 निवासी रघुनंदन शाह के पुत्र अरविंद कुमार थे। उनके पीठ पर लदे बैग की तलाशी लिए जाने पर जहां अरविंद के बैंग से 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। वही पिंटू के बैंग से 10 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस प्रकार कुल 14.250 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दोनों कारोबारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनाथ राय के निधन पर कार्यकर्ताओ ने जताया शोक

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता।जिला कांग्रेस कमिटी ने सत्तर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष, जिला किसान सेल अध्यक्ष और जिला कार्य समिति के सदस्य रामनाथ रॉय के आकस्मिक निधन से कांग्रेसजनों ने शोक प्रकट किया है। वरिष्ठ कोंग्रेसी डॉ तारानंद सादा ने अपने शोक संदेश में कहा कि रामनाथ जी के अचानक चलें जाने से कांग्रेस को भारी क्षति हुई है। वे कांग्रेस के सजग सिपाही थे और स्व रमेश बाबू के निकटत्तम सहयोगीयों में से थे। कांग्रेस में उनकी सेवा हमेशा हम सब को प्रेरणा देती रहेगी। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि रामनाथ जी के साथ काम करने का मौका मिला।किसानों के साथ उनके सराहनीय कार्य के लिये हमेशा तत्पर रहा करते थे और गरीबों के लिए उनके दिल में हमेशा दर्द रहा करता था। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि रामसागर पाण्डेय ,मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष और मिडिया प्रभारी कुमार हीरा प्रभाकर, मनोज कुमार मिश्र, इंटक अध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल, सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, भरत नारायण झा, प्रेम लाल सादा, युवा प्रदेश सचिव सुदीप कुमार सुमन, कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान, संजय यादव अमीन, दिवाकर गिरी, बैधनाथ झा, सियाचरण पासवान, मंगल झा मो अफरोज आलम आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

### पूर्व प्रमुख योगेन्द्र विश्वास के घर सत्संग का आयोजन, स्वामी नारायण बाबा से मिले समाजसेवी हरि प्रमाणिक



लोक तन्त्र की आवाज़

सिकटी ।क्षेत्र भ्रमण एवम जनसंपर्क अभियान के दौरान सिकटी विधानसभा क्षेत्र के वरीय सामाजिक कार्यकर्त्ता हरि प्रमाणिक अपने साथियों के साथ स्वामी नारायण बाबा से मिले। संत दर्शन कर पूर्व प्रमुख योगेन्द्र विश्वास के यहां भंडारा का प्रसाद भी ग्रहण किए। श्री प्रमाणिक ने कहा कि लोगों का उद्धार संत शरण से हीं होगा। संतों के बताए मार्ग पर चलें तो इहलोक और परलोक सुखमय रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका जनसंपर्क अभियान जारी है। वे जनता जनार्दन से मिल रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उनका सिकटी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना तय है उन्हें जनता का स्पोर्ट मिल रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान योगेन्द्र विश्वास (पूर्व प्रमुख सिकटी) के आमंत्रण पर उनके घर सत्संग में पाहुंच कर पूज्य नारायण बाबा से आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया तथा प्रियजनों से मुलाक़ात भी किया।

# नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई माता रानी के खूब लगे जयकारे



लोकतंत्र की आवाज

**कहरा सहरसा संवाददाता।** नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र के बाद ग्रामीण क्षेत्रों, सोनवर्षा कचहरी, हरीपुर, परमिनियां, भरौली में शनिवार को विजयादशमी और दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। त्योहार शांति व सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। शुक्रवार व शनिवार को लोगों ने ने विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन करसुख-समृद्धि की कामना की। आज रविवार को भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने वादा लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद मां को विदाई दी गई। लोग भक्तिगीतों की धुन पर झुमते दिखे।

# छह दिवसीय प्रतियोगिता के सफल छात्र छात्राओ को एमएलसी नें किया पुरुस्कृत

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** विजयादशमी के अवसर पर महिषी में उग्रतारा भारती मंडन विकास समिति द्वारा आयोजित 6 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मौखिक क्विज, भाषण एवं नृत्य प्रतियोगिता के फाइनल राउंड और एथलेटिक्स के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

समिति द्वारा 9 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 बालक एवं 4 बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के विजेता टीम पटना को पवन ठाकुर, डॉ विजय शंकर चौधरी और मनोज झा ने शील्ड और दस हजार की पुरस्कार राशि से वहीं उपविजेता टीम सहरसा को संरक्षक सौरभ ठाकुर और अध्यक्ष माधव मिश्रा ने शील्ड और पांच हजार एक सौ की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया।

वही बालिका वर्ग की विजेता सहरसा को मुखिया सोनी कुमारी और सरपंच दुर्गा देवी ने नकद एवं उपविजेता कटिहार को सचिव अभिषेक रंजन और उपाध्यक्ष सरिता देवी ने तीन हजार एक सौ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। मौखिक क्विज प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं अमरनाथ कुमार, अंकित कुमार और साक्षी कुमारी को एमएलसी अजय कुमार सिंह, रणविजय झा और संतोष चौधरी ने स्कॉलरशिप चेक से सम्मानित किया। साथ ही नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता स्ट्रगलर डांस गर्ल्स ग्रुप को एमएलसी अजय कुमार सिंह ने दस हजार, द्वितीय विजेता इरा श्री को सौरव सेतु ने एकावन सौ एवं तृतीय विजेता को डॉ विजय शंकर चौधरी ने एकतीस सौ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। मौके महिषी थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, माणिकचंद्र झा, डॉ विजय शंकर चौधरी, मनोज ठाकुर, अविनाश शंकर बंटी, विधायक यूसुफ सलाउद्दीन और अन्य उपस्थित रहे।

# अररिया प्रखंड के महासिद्ध पीठ तेगछिया प्रांगण में फीता काटकर सांसद ने किया नाटक का उद्घाटन

लोक तन्त्र की आवाज़



- देवी नाटक कला परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय नाटक का हुआ मंचन

**ताराबाड़ी(अररिया)।** दशहरा के मौके पर अररिया प्रखंड के प्रसिद्ध महासिद्धी पीठ तेगछिया में दो दिवसीय नाटक का सफल मंचन हुआ। इस दौरान देवी नाट्य कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित नाटक जय श्री कृष्णा का शुभारंभ से पूर्व सांसद प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा मुखिया संघ अध्यक्ष शाद अहमद बबलू, जिप सदस्य आकाश राज, पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा, पूजा समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ झा, ह्यूमन सर्विस सेंटर के सेक्रेटरी शंभूनाथ झा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान विघ्नहर्ता गणेश व जय श्री कृष्णा धार्मिक नाटक का सफल मंचन देवी नाटक कला परिषद के कलाकारों द्वारा किया गया। संबोधित करते सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह धरती कला संस्कृति की धरती रही है। यहां से लोग फिल्म इंडस्ट्री मुंबई तक के सफर तय किए हैं। नाटक हमें सामाजिक सौहार्द, धार्मिक अनुभूति, दहेज प्रथा, सामाजिक उत्पीड़न, बाल विवाह, समाज में व्याप्त कुरीतियां, भ्रष्टाचार आदि के प्रति सजग करते हुए सामाजिक जागरूकता में अहम योगदान देती रही है। डिजिटल युग में भी लोग नाटक को बेहद पसंद करते हैं।

धार्मिक नाटक के बीच आकर्षक रूप सज्जा दर्शकों के बीच रात भर जगने पर मजबूर कर दिया। रातभर गीत संगीत, नृत्य, गजल, झांकी, रिकॉर्डिंग डांस, मरकरी डांस के अलावे हास्य परिहास्य के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया गया। जबकि कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का खूब तालियां बटोरी। सफल मंचन में वार्ड सदस्य रंजीत झा, सरस शेखर, अजीत कुमार बौआ, शिक्षक रूपेश कुमार झा, सुमित कुमार झा, सुनील कुमार झा बौआ, भावेश कुमार झा, कन्हैया झा, शेखर झा, कृष्ण झा, भानु कुमार झा, प्रभात कुमार झा, मोहित झा, लव झा, शेखर झा, सहित देवी नाटक कला परिषद के रंगकर्मी व सहकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# आपराधिक घटना को अंजाम देने हथियार लेकर निकले दो अपराधी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिले के कनरिया थाना अध्यक्ष द्वारा गुप्त सूचना पर शनिवार को की गई कार्रवाई में हथियारबंद दो अपराधी गिरफ्त में लिए गए। जिनसे एक देसी कट्टा और उनके दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। कनरिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हथियारबंद दो युवक किसी अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए दुर्गा पूजा में निकले हुए हैं। जिस सूचना के बाद छापामारी कर दो युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक कनरिया थाना क्षेत्र के कठडूमर गांव अरनामा टोला निवासी बौआ सादा का पुत्र गौतम सादा और खुर्रम मुसहरी गांव निवासी विलायती सादा के पुत्र अनोज सादा थे। जिनसे एक देसी कट्टा और उनके दो कारतूस बरामद हुए। जिसको लेकर कनरिया थाना कांड संख्या 16/24 दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया है।

# आपसी सौहार्द को खराब करने की कोशिश कर रहे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह: राकेश विश्वास

अगर कोई बाहरी नेता सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास करेगा, तो सीमांचल की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

लोक तन्त्र की आवाज़



**कपड़फोड़ा(कुर्साकांटा)।** राजद नेता राकेश विश्वास ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह हिंदू स्वाभिमान यात्रा के नाम पर सीमांचल में आने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य वहां के सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरिराज सिंह की मंशा सीमांचल में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की है।

राकेश विश्वास ने सीमांचल की जनता की समझदारी की तारीफ करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की पहचान गंगा-यमुना की तहजीब से है। उन्होंने यह भी बताया कि सीमांचल में हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच एकता का उदाहरण है, जहां मुस्लिम समुदाय छठ पूजा मनाता है और कुछ हिंदू रमजान में रोजा रखते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पर भारत के संविधान का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया और कहा कि ऐसे नेताओं का देश में कोई स्थान नहीं है। विश्वास ने मांग की कि गिरिराज सिंह को उनकी मंत्री पद से हटाया जाए और संसद की सदस्यता भी समाप्त की जाए। विश्वास ने गिरिराज सिंह के बयानों को सांप्रदायिकता भड़काने वाला बताया और कहा कि उनका यह व्यवहार भारत के संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने याद दिलाया कि केंद्रीय मंत्री को जो शपथ दिलाई गई थी, उसका पालन करना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई बाहरी नेता सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास करेगा, तो सीमांचल की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

# टीपी कॉलेज में रतन टाटा को श्रद्धांजलि, भारत रत्न सम्मान देने की मांग

लोक तन्त्र की आवाज़



**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में रतन टाटा (28 दिसंबर, 1937 से 9 अक्टूबर, 2024) के सम्मान में सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी ने कहा कि रतन टाटा एक आदर्श उद्योगपति थे। वे 1961 में टाटा ग्रुप में शामिल हुए और लंबे समय तक इसके सर्वोच्च पद पर विराजमान रहे। उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास में महती भूमिका निभाई।

**भारत के सच्चे रत्न थे रतनः** डॉ. मधेपुरी ने कहा कि रतन टाटा भारत के सच्चे रत्न थे। उन्होंने सेवा एवं परोपकार की मिशाल कायम की और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया। उद्योग एवं व्यापार के साथ-साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनकी पहल देश को वर्षों तक लाभान्वित करेगी।

**सामाजिक दायित्वों का किया निर्वहन:** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने उत्कृष्टता एवं विश्वसनीयता के साथ अपने उद्योग एवं व्यवसाय का विस्तार किया। उनके कुशल नेतृत्व में टाटा ग्रुप की कंपनियों ने देश के विकास में अहम योगदान दिया और विश्व के सौ देशों में अपना विस्तार किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि रतन टाटा आर्थिक लाभ से अधिक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर ध्यान देते थे। उन्होंने उद्योग एवं व्यापार में नैतिकता एवं मानवता के उच्च मानक स्थापित किया। कोरोना के समय में रतन टाटा ने बड़ा दिल दिखाते हुए देश के लोगों के बेहतरी के लिए पंद्रह हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे। प्रधानाचार्य ने कहा कि रतन टाटा ने देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग को गति देने में महती भूमिका निभाई। मानवता की सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके निधन से न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व को अपूरणीय क्षति हुई है।

**बना है छात्रावास :** टाटा आयरन एवं स्टील छात्रावास के अधिक्षक डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि महाविद्यालय में टाटा द्वारा दिए गए अनुदान से एक चौबीस बेड का छात्रावास संचालित है। इसका निर्माण तत्कालीन प्रधानाचार्य सह सांसद प्रो. महावीर यादव के कार्यकाल में हुआ था। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे रतन टाटा के परिजनों तथा शुभचिंतकों को दुख सहन करने की शक्ति दे। सबों ने भारत सरकार से मांग की कि रतन टाटा को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाए।

इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. विजया कुमारी, डॉ. स्वर्ण मणि, डॉ. रोहिणी, मिथिलेश कुमार, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रागिनी, डॉ. कुमार गौरव, डॉ. शहरयार अहमद, अमित कुमार, डॉ. आशुतोष झा, विनित राज, अर्जुन साह, नारायण ठाकुर, राजा कुमार, डॉ. अशोक कुमार अकेला, विवेकानंद, मणीष कुमार, महेश कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पहुंचा पैतृक गांव, माहौल हुआ गमगीन



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत निवासी प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पहुंचा पैतृक गांव पहुंचते ही मचा कोहराम। बताते चलें कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबर गांव के पारटांड़ के 35 वर्षीय हेमलाल महतो की मौत 26 सितंबर को कैमरून में हो गयी थी। वहां वह ट्रांसरेस लाइटिंग लिमिटेड की कंपनी में काम करता था। इस मजदूर को पांच सितंबर को भारत से ट्रांसमिशन में काम करने के लिए कैमरून ले गया था। प्रवासी मजदूर की मौत के बाद ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से 5 लाख रूपये दी जा रही है। लेकिन परिवार की सहमति नहीं होने पर हजारीबाग सदर अस्पताल के मोर्चरी मैं रखा गया लगातार जोबर मुखिया चेतलाल महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र उर्फ माही पटेल और सिकंदर अली के प्रयास से कंपनी के द्वारा परिवार को 12 लख रूपए की चेक दी गई ।उसके बाद परिवार के लोगों ने मृतक के शव को स्वीकार किया और आज पैतृक गांव में दाह संस्कार किया गया।

### सर्वोदय नव जागृति केंद्र द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
अनिल कुमार ( संवाददाता)

बिरनी। बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरनी प्रखंड के शीतल टोला में सर्वोदय जागृति केंद्र नॉकआउट फुटबॉल फाइनल मैच मुकाबला का आयोजन किया गया जिसमें मैच का आनंद लेने काफी संख्या में लोग पहुंचे ।जिसमें बगोदर विधानसभा के लोकप्रिय नेता नारायण पांडे जी भी मौजूद थे यह मैच आर .के ग्लोबल पब्लिक स्कूल जरीडीह बनाम मध्य विद्यालय गेडकरो के बीच खेला गया इस मैच में फुटबॉल टीम जरीडीह ने 3–0 से गेडकरो कि टीम को पराजित किया। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने हेतु सामान्य जनता साथ–साथ ग्राम वासियों एवं रीता माथुर, डॉक्टर सलीम अंसारी रतन पांडे मनोज पांडे मुखिया एवं नव जागृति कमेटी के सभी सदस्यों का जुटान था ।

### तालाब में गिरने से मिर्गी से ग्रस्त युवती की मौत

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

भंडरा( लोहरदगा)। जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उदरंगी में सोमवार को नहाने के लिए तालाब गई पंचू उरांव के पुत्री रूमा कुमारी की मौत तालाब में डूबकर हो गई। युवती को तालाब से बाहर निकालने के बाद भंडरा अस्पताल लाया गया था। जहां पर चिकित्सक ने युवती को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों का कहना है कि युवती की मौत मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण तालाब में डूबकर हो गई। बताया गया कि उसे समय–समय पर दौरा पड़ते रहता था। घटना सुबह 10 बजे की है बताई जाती है। वह नहाने के लिए गांव स्थित तालाब गई थी। तालाब में नहाने के दौरान उसे दौरा पड़ा तो वह पानी में गिर गई और उसकी मौत हो गई। चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन शव को वापस गांव ले गए जिसके बाद भंडरा पुलिस को सूचना दी गई। तत्पश्चात पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया।

# मिशन वात्सल्य एक परिचय पर पेशरार में आयोजित हुइ कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा(झारखंड)।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सीता पुष्पा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन में पेशरार प्रखंड कार्यालय लोहरदगा मिशन वात्सल्य योजना एक परिचय विषय पर मुख्य अतिथि अजय तिर्की प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेशरार, लोहरदगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अजय तिर्की प्रखंड विकास पदाधिकारी पेशरार के द्वारा संबंधित कार्यशाला में उद्बोधन कि ₹ आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है।



उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह, चाइल्ड ट्रैफिकिंग/ बाल श्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। हमें सामाजिक एकजुट से गांव एवं पंचायत स्तर में जागरूक होना होगा जिससे हम समाज के बच्चों को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा सके। परवेज आलम संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थानिक देखरेख , लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान देते हुए कहा कि बाल सुरक्षा व बाल अधिकार हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध रूप से एक कानून किशोर न्याय अधिनियम तहत मिशन वात्सल्य योजना लागू है। जिसके अंतर्गत जिला में जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रशासन के माध्यम से कटिबंध रूप से कार्य किया जा रहा है।

0 से 18 वर्ष के बालकों के लिए जिला स्तरीय जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति ,किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष पुलिस किशोरी इकाई स्थापित है जिसके माध्यम से जिला में संस्थागत देखभाल एवं गैर संस्थागत देखभाल के लिए सेवा उपलब्ध है। बाल संरक्षण के अंतर्गत रेस्क्यू/ पुनर्वास एवं पुनःसमेकन हेतु स्पॉन्सरशिप / एडॉप्शन/ फोस्टर केयर/ स्ट्रीट चिल्ड्रन/ बालगृह/विशेष दत्त ग्रहण अभिकरण बाल सुधार इत्यादि की सेवाएं दो श्रेणी के बच्चों सीएनसीपी और सीसीएल और बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जाती है।

श्रीमती मनोरमा मिंज, सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा बताया गया कि सीएनसीपी बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति के द्वारा पुनर्वास एवं पुनःसमेकन का कार्य किया जाता है जिससे बच्चों का समुचित विकास हो सके। सुशीला कुमारी सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा कहा कि सीएनसीपी बालकों को पुनर्वास हेतु आवासीय विद्यालय या स्पॉन्सरशिप इत्यादि योजना से जोड़ करके सुरक्षित विकास की जाती है। इस कार्यक्रम में सोशल वर्कर– हेमा हीरो , पीएलबी सुखेश्वर उरांव ,पंचायत प्रतिनिधि /सेविकाएं / प्रखंड स्तरीय कार्यालय के कर्मी इत्यादि मौजूद थे।

# टंडवा औद्योगिक नगरी में ओसेल ट्रासपोर्ट कंपनी की आतंक से आदिवासी क्षेत्र में दहशत



लोकतंत्र की आवाज़

- ओसेल कंपनी केरेडारी से सिमरिया बालूमाथ साइडिग, मगध से टंडवा एनटीपीसी कोयला ढुलाई में तांडव

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चतरा(झारखंड)।** जिले के टंडवा औद्योगिक नगरी में इन दिनों केरेडारी पांडु माइंस से कोयला ढुलाई में लगी उड़ीसा स्टीवडोर्स लिमिटेड ( ओसेल ) ट्रासपोर्ट कंपनी की तांडव टंडवा कोयलांचल के अलावे सिमरिया बागरा और मगध के आदिवासी क्षेत्रों में सुर्खियां में है। वही चट्टीबरियातु कोल मांइन्स से बचरा साइडिंग में कोयला ढुलाई में लगी रित्विक कंपनी की तेज रफ्तार हाइवा से उड़ते धूलकण से ग्रामीणों परेशान हैं। इसका विरोध करने वाले ग्रामीणों को कंपनी के लाइजनर द्वारा डराया धमकाया जाता है।

कंपनियों के तांडव से ग्रामीणों में त्राहिमाम हैं। ओसेल कंपनी द्वारा टंडवा के आम जनमानस की जिंदगी कफन से कीमत तक में सिमटकर रह गई है। केरेडारी पांडु माइंस को कोयला ओसेल ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा पब्लिक रूट से टंडवा एनटीपीसी सिमरिया बागरा होकर बालूमाथ और मगध परियोजना से आदिवासी क्षेत्र देवलगड्डा कुंडी मासिलोंग राहम होकर एनटीपीसी प्लांट में नियमों को दरकिनार करके बेधड़क दुलाई में जुटी है। ओसेल कंपनी के मनमानी से आदिवासी क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। उड़ते धूल कण से ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं। बताया गया स्थानीय ग्रामीण कई बार क्षेत्र में पानी छिड़काव कंपनी से मांग किया पर कंपनी के लाइजनर अपना पहुंच पकड़ बात कर धमकाया जाता हैं। बताया गया कंपनी के एक चतरा के लाइजनर गांव में पानी छिड़काव करने सहित चीजों को मैनेज करने के लिए प्रत्येक माह लाखों रुपया का मनी लांड्रिंग कर रहा है। ग्रामीणों ने दावा किया है इस कंपनी पर जांच होता बड़ा मामला उजागर होगा। साथ ही कंपनियों के कई लोग सलाखों के पीछे होंगे।

## गीता मुर्मू ने ग्रामीणों के बीच किया स्ट्रीट लाइट का वितरण



**लोकतंत्र की आवाज**
**रवि प्रकाश सिंह**

**घाटशिला।** सोमवार को भाजपा की संगठन मंत्री गीता मुर्मू ने उत्तरी मऊभंडार पंचायत के किताडीह गांव का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुई ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले स्ट्रीट लाइट की मांग की थी जिसे देखते हुए गीता मुर्मू ने ग्रामीणों के बीच स्ट्रीट लाइट का वितरण किया जिससे ग्रामीण काफी खुश नजर आए ग्रामीणों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इस मौके पर तरुण दंडपात आनंद दंडपात दिनेश महाकुद बबलू दास राम दंडपात रिंकू दंडपात छाया दंडपात बेबी महाकुद आशा दंडपात कमला दंडपात के साथ–साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पाण्डेयपुरा : दस दिवसीय माँ दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद नम आँखों से दी विदाई





लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज(झारखंड)।** प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयपुरा मे विगत दस दिनों से हो रही पूजा अर्चना के बाद आज माँ दुर्गा की प्रतिमा का विषर्जन किया गया जिसमे सैकड़ो की संख्या मे शामिल हुए। माँ दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे समिति के सदस्य एकदूसरे को गुलाल लगाते दिखे। शोभायात्रा मे शामिल युवा डीजे के धुन पर थिरकते हुए और माता के जयकारे लगाते नज़र आये।शोभायात्रा मे पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट प्रभारी अपने दल बल के साथ शोभायात्रा को संरक्षण देते नज़र आये।

शोभायात्रा पाण्डेयपुरा ठाकुरबाड़ी दुर्गा पूजा मंडप से निकल कर क्षेत्र भ्रमण करते हुए पाण्डेयपुरा के छठ तालाब धरधरी पहुंचा जहा पंडित रास बिहारी जी के द्वारा माता की मूर्ति की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विषर्जन किया गया जिसमे विषर्जन मे शामिल सभी श्रद्धालुओ ने माता को नम आँखों से विदाई दी।विषर्जन मे माँ दुर्गा पूजा समिति के सदस्यो समेत भारी संख्या मे युवा और ग्रामीण शामिल थे।

# मुम्बई में झारखंड भवन का शिलान्यास, प्रवासियों को मिलेगा लाभ

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय महासचिव और बगोदर के कुदर के रहने वाले सदरूल शेख ने मुंबई में झारखंड भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने और आज शिलान्यास होने पर खुशी जताई, इस कार्य के लिए झारखण्डी एकता संघ ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा इस मांग को सरकार तक पहुंचाने में सबसे ज्यादा सहयोग करने वाले माननीय विधायक विनोद सिंह जि का आभार व्यक्त किया और कहा है कि झारखंड भवन के निर्माण होने से झारखण्ड से आने वाले मरीजों तथा प्रवासी मजदूरों और उनके परिजनों को इसका फायदा होगा।




उन्होंने कहा है कि मुंबई में कई प्रवासी मजदूर अपने बच्चों और पत्नी के साथ रहते हैं। ऐसे में उन्हें प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए घर जाना पड़ता है और संबंधित कार्यलयों का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि झारखंड भवन में बीडीओ लेबल के एक अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए जो मजदूर के बच्चों को समय पर यहीं से प्रमाण पत्र निर्गत करने में कड़ी का काम करें। यानी झारखंड के संबंधित ब्लॉक के अधिकारी से संपर्क स्थापित कर प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग करे।

# भीड़ ने चोरी के आरोप में 22 वर्षीय युवक को पीट–पीट कर मार डाला

लोकतंत्र की आवाज़

- चतरा के मलिया गांव में मॉब लिंचिंग का एक मामला सामने आया

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चतरा(झारखंड)।** चतरा में मॉब लिंचिंग का एक मामला सामने आया है। इसमें एक 22 वर्षीय युवक को भीड़ ने चोरी के आरोप में पीट–पीटकर हत्या कर दी है। घटना सदर थाना क्षेत्र के मलिया गांव की है, जहां शहर के किशुनपुर मोहल्ला निवासी ब्रह्मदेव साहू के 22 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार की हत्या चोरी का आरोप लगाकर भीड़ के द्वारा कर दी गई है। इस मामले में मृतक के पिता ब्रह्मदेव साहू ने मलिया गांव के प्रमोद गंझू, संजय गंझू, विनोद गंझू सहित 30– 40 अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है।

थाना को दिए गए आवेदन में बताया गया है, कि रविवार की सुबह 6:00 बजे उनके चचेरे भाई ने फोन पर यह जानकारी दिया कि सत्यम को मलिया गांव में सोलर चोरी करने के आरोप में ग्रामीण एक खंभे से बांधकर रखे हुए हैं। उक्त सूचना पर वह अपने चचेरे भाई के साथ मलिया गांव पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने कहा कि उसका बेटा गांव का सोलर प्लेट चोरी कर लिया है। जब उसने ग्रामीणों से पूछा कि उसका बेटा कहां है, उससे मिलवाए, तब ग्रामीणों ने कहा कि पहले चोरी हुए सोलर का पैसा लाकर दीजिए तब बेटा से मिलने देंगे। वह पैसा लाने गांव किशुनपुर जा ही रहा था कि एक ग्रामीण ने फोन कर बताया कि उसका बेटा का तबीयत ज्यादा खराब हो गया है।

वापस लौटकर अपने बेटे का इलाज कराइए। पैसा बाद में दे दिजीएगा। वह बीच रास्ते से ही वापस मलिया गांव लौट गया। जहां देखा कि बधार गांव का रहने वाला एक कंपाउंडर प्रकाश साव पहले से ही पहुंचा हुआ था।

कंपाउंडर ने बताया कि उसके बेटे की मौत हो चुकी है। मौत की खबर सुनते ही वहां खड़े 30– 40 ग्रामीण वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद उसने सदर थाना पुलिस को फोन किया। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है?। इधर दूसरी ओर पुलिस ने आवेदन के आधार पर तीन चार ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। उनसे पुछताछ की जा रही है।

# फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा गिरिडीह में खाद्य पदार्थों की जांच मात्र दिखावा

लोकतंत्र की आवाज

## जांच के बाद भी नहीं होती कार्रवाई



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** कुछ दिनों पूर्व आए समाचार अनुसार खाद्य प्रतिष्ठानों रेस्टोरेंट मिठाई दुकान में एवं राशन दुकानों में जांच अभियान चलाया गया ।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉक्टर पवन कुमार ने बताया कि त्यौहार को लेकर खाद्य पदार्थों में विशेष कर मिठाइयों में मिलावट की संभावना बढ़ जाती है ।

खाद्य कारोबारी को खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुरूप कारोबार करने का निर्देश दिया जाता है। पर यदि किसी खाद्य प्रतिष्ठा की लाइसेंस की तिथि समाप्त हो चुकी हो तो फिर ऐसे प्रतिष्ठानों द्वारा खाद्य पदार्थों की बिक्री क्यों नहीं बंद कर दी जाती है जबकि उस खाद्य प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉक्टर पवन कुमार जी का अचौक निरीक्षण किया जा चुका है, अब आप इस अचौक निरीक्षण को क्या कहेंगे ? खानापूर्ति कहेंगे या फिर हवा हवाई।

# उपायुक्त ने की पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त महोदय ने पंचायत स्तर पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, पंचायत स्तर के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत व्यय, पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाएं, पंचायत ज्ञान केंद्र अधिष्ठापन एवं संचालन एवं अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन के संबंध में चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पंचायतों में संचालित पंचायत ज्ञान केंद्र की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहीं। वहीं उन्होंने केंद्र का नियमित संचालन करने, केंद्र पर स्थानीय भाषाओं से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसके माध्यम से बच्चों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंचायती राज संदीप कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पिछले सप्ताह नवादा में कुल 172 अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी



लोक तन्त्र की आवाज़
सुनील कुमार

नवादा । नवादा जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से पिछले सप्ताह कुल 172 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (07 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत है:— हत्या में 04, अनुसूचित जाति/जनजाति में 02, हत्या के प्रयास में 04, पुलिस पर हमला में 02, पोक्सो में 02, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 21, अन्य गंभीर आरोप में 34 एवं अन्य गिरफ्तारी 103 कुल 172 गिरफ्तारियां की गई हैं। सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 2544 लीटर देशी शराब, 148 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत ट्रैक्टर 05, मोटरसाईकिल 27, आग्नेयास्त्र में देशी कट्टा 02, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राशि 04 लाख 03 हजार रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत— गांजा—127 ग्राम0, मोबाईल—04 एवं फीज 01, बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने हेतू लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### नवयुवक संघ बरमसिया दुर्गा मंडप गिरिडीह द्वारा भंडारा का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा( ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह झारखंड। दुर्गा पूजा समाप्ति के बाद नव युवक संघ बरमसिया दुर्गा मंडप गिरिडीह द्वारा बरमसिया में भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारा में दिल खोलकर सभी लोगों यानी कि वह मोहल्ला के रहने वाले हो या मोहल्ला से बाहर रहने वाले हो या बाजार के लोग सभी को खुले हाथ से मां दुर्गा के प्रसाद शब्द भंडारा अंतर्गत प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें नवयुवक संघ बरमसिया के सभी नवयुवक अपने—अपने कार्य में डटे हुए थे। भंडारा कार्यक्रम को पूर्णता की ओर आगे ले जाने के लिए तत्पर सभी नवयुवक कार्य कर रहे थेकार्य कर रहे थे।

### दूर्गा कमिटी के सदस्यो ने लोजपा नेता को सम्मानित किया



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र.
(मगध ब्यूरो)

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के बडी देवी दूर्गा देवी स्थान पूजा कमिटी के सदस्यों ने विसर्जन जूलूस के दौरान लोजपा नेता प्रकाश चन्द्रा,डी एस पी अमित कुमार, अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह सहित कई समाजसेवियों को सम्मानित किया। प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा संपन्न हुयी। इसी तरह आपसी भाईचारा और एकता बनाये रखे। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, चिन्टू मिश्र, गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पवन गूप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, बिनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री,राजू गूप्ता, सूरज, मयंक, रंजीत मिश्र, सहित अन्य लोग शामिल थे।

### डालसा के निर्देश पर मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के लिए लोगो के बीच चलाया जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
अजित यादव संवाददाता
कुन्दा

कुन्दा( चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार कुन्दा के लेवाड़ गांव में विश्व मानसिक स्वास्थ् दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुन्दा प्रखण्ड कार्यलय के पीएलवी संजय चौधरी, मुना दास, अजित कुमार के द्वारा मानसिक स्वास्थ् से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान मानसिक रूप से पीड़ति लोगों के प्रति आम लोगों के कर्तव्य और सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दिया गया ।साथ ही बताया गया कि माता—पिता की छोटी सी कोशिश बच्चे को मेंटली हेल्दी बना सकता है। अपने बच्चो के प्रति मेंटल हेल्थ का ख्याल रखने के साथ,मानसिक स्वास्थ्य के अलावा शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने काहा की आज सभी लोगो को पता है कि फिजिकल हेल्थ जितनी जरूरी है, मेंटल हेल्थ भी उतना ही जरूरी है। इसीलिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस के रूप में मनाया जाता है। जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मशरक में 51 फीट का रावण व 35 फीट का मेघनाथ धू—धू कर जला

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक के केन्द्रीय विद्यालय के पास विजयादशमी के उपलक्ष्य में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण दहन कार्यक्रम को महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने रावण एवं मेघनाथ के दहन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश महंथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजप मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय,जिला भाजपा के प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी, रविरंजन सिंह मंटू, गौतम ओझा मौजूद रहें। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी मशरक अमरनाथ, बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष धनंजय राय दलबल के साथ मौजूद रहे। वहीं बहरौली पंचायत के देवरिया गांव में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष के निवास पर भगवान राम की टोलियों की आरती किए डॉ प्रेम कुमार मंत्री

लोकतंत्र की आवाज़

गया। बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार में सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया जिला अंतर्गत दशहरा के मौके पर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया है। मंत्री ने दुर्गा पूजा के एकादशी के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति राजेंद्र आश्रम के निकट टील्हा धर्मशाला के पास भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए साथी बोधगया क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर में सुदर्शन न्यूज़ बिहार चैनल के क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर उनको शुभकामनाएं दिए हैं ।



वही आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष के निवास से भगवान राम की टोलियों की आरती के उपरांत भरत मिलाप कार्यक्रम के लिए शोभा यात्रा में प्रस्थान किया। साथ ही फतेहगंज टिकारी रोड गया में भरत ,शत्रुघ्न के आरती कर शोभायात्रा को कोतवाली चौक के लिए रवाना किया गया ।बजाजा रोड, श्री दशहरा पूजा कमेटी के अध्यक्ष अजय तरवे एवं समिति के पदाधिकारी के द्वारा श्री राम एवं भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वही नरसिंह भगवान प्रतिमा के निकट सम्राट क्लब द्वारा आयोजित मां भगवती जागरण में भी शामिल हुए एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अंत में टिकारी रोड में मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को भोजन परोसने का काम मंत्री द्वारा किया गया। वही मंत्री ने दूरदर्शन न्यूज चैनल के उद्घाटन के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि लगभग दो दशक पूर्व 2005 में सुदर्शन न्यूज़ की शुरुआत की गई थी।राष्ट्रवाद की बुलंद आवाज को जन—जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से काम कर रहा है यह चैनल ।

अपने कार्यक्रमों के जरिए लोगों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाता रहा है देश की जनता से जुड़े मुद्दे को आज यह जन—जन का लोकप्रिय चैनल हो चुका है.बिंदास बोलकार्यक्रम के जरिए ज्वलंत मुद्दों को उठाया जाता रहा है.यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो एक फॉर्मेट में एक एंकर द्वारा एक समय में प्रसारित होता है और अब तक इसके 2000 से ज्यादा शो हो चुके हैं जो एक विश्व रिकॉर्ड है । खुद सुदर्शन न्यूज़ के सीएमडी सह प्रधान संपादक डॉ सुरेश चौहाण्के द्वारा पेश किया जाता है नए क्षेत्रीय कार्यालय के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। वहीं मंत्री ने दशहरा के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने धर्म एवं राष्ट्र के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए । जो हमारे हिंदू धर्म के संस्कार हैं उनको कभी भुला नहीं जा सकता है । बता दूं कि आजकल हमारे बीच बहुत सारे ढोंगी लोग घूम रहे हैं जो लालच देकर हिंदुओं के बीच सेंध मारने की कोशिश कर रहे हैं । तेजी से धर्मांतरण की ओर दूसरे धर्म की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही नए युवकों यूवतियों में लव जिहाद का मामला ज्यादातर सुनने को मिल रहा है ।जिसमें हमारे हिंदू धर्म के लड़कियों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा।

मैं आप सभी से अपील करता हूं की अपने—अपने बच्चों को सनातन धर्म एवं राष्ट्र के प्रति हमेशा जागरूक करते रहने की आवश्यकता है । ताकि वह किसी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर ना धर्म के खिलाफ जा सके और ना ही उसके साथ कुछ गलत हो। इसके साथ ही मंत्री ने कहा कि दशहरा मुख्य रूप से भगवान राम द्वारा रावण के वध की कहानी से जुड़ा है। रामायण के अनुसार दोनों के बीच 9 दिन तक युद्ध चला था। दसवें दिन रावण का वध हुआ था। इसलिए इसे विजयादशमी कहा जाता है। तभी तो दशहरे के दिन रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाता है। ऐसा करके हर साल ये संदेश दिया जाता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा होती रहेगी।आप सभी को दशहरा की पुनः शुभकामनाएं देता हूं। वहीं मौके पर प्रेम सागर, देवानंद पासवान,,विकास कुमार, विनय जैन, धीरू कुमार, जितेंद्र कुमार,रॉकी चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पार्टी के नेता उपस्थित रहे हैं।

# गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकला, धावा नदी में कई प्रतिमाएं विसर्जित की गई



लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज के बडी दूर्गा देवि स्थान, काली स्थान, लोहार पटी देवि स्थान, चरकावां शिशू संघ ,हाजीपुर गोला , स्टेशन परिसर, बाबूगंज देवि स्थान, महराजगंज, संगत , नुनिया टिल्हा एवं ग्रामीण क्षेत्र के पौथू , भदवा, में मां दूर्गा एवं काली प्रतिमा का विसर्जन जूलूस गाजे—बाजे के साथ निकाली गयी।

जूलूस बडी दूर्गा देवि स्थान, से काली स्थान, मेन बाजार, स्टेशन रोड से वापस बस स्टैंड होते हुये धावा नदी में विसर्जन की गयी। काफी संख्या में महिला श्रद्धालू ने उत्साहित होकर माता का जयकारी लगाते लगाते हुये भजन एवं विदाई गीत गायी। मेन बाजार, किराना पटी के कई जगहों पर रास्ते को रंगोलियां एवं फूल —माला से सजाया गया। और सभी प्रतिमा का आरती किया। विसर्जन जूलूस के दौरान अनुमंडलाधिकारी संतन कुमार सिंह, डीएसपी अमीत कुमार,बीडीओ उपेंद्र दास, अंचलाधिकारी भारतेन्दू सिह , नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहया,इंस्पेक्टर मधू कुमारी ,रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली, पौथू थानाध्यक्ष आकाश राज पुलिस बल के साथ मुस्तैद थे। इस मौके पर गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पवन गूप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, बिनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री,राजू गूप्ता, सूरज, मयंक, रंजीत मिश्र, अनूप मिश्र, आलोक मिश्र, राजू मिश्र, सुभाष यादव, भाजपा नेता सुबोध सिंह सुभाष यादव, अरविन्द राज, संतोष साव, रणविजय यादव, पपू गुप्ता, सुनील वर्मा, वाड पार्षद नूरूल होदा खान, राजू मिश्र, नेयाज असरफी, संजीत कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार मधुकर, त्रिकाल कुमार, अभिषेक विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद, पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार,लोहा सिह ,एस आई परमजीत मंडल, कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, वर्षा कुमारी, मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार, बवन कुमार, बेगेन्दर मिश्र सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पूर्व विधायक ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

लहलादपुर (सारण)। पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह द्वारा जनता बाजार स्थित स्वर्गीय रामजन्म प्रसाद मार्केट में एक पुस्तकालय का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से सम्बन्धित कार्यों में काफी संतुष्टि मिलती है। पुस्तकालय से क्षेत्र के छात्र—छात्राएं लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुखिया पंकज तिवारी, जीतेन्द्र सोनी, राजबल सिंह कुशवाहा, पप्पू खां, दिनेश प्रसाद, राजेश पांडेय, उमाशंकर चौधरी आदि अनेक गणमान्य व छात्र मौजूद रहे।

# सीबीएसई नेशनल हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने रवाना हुई मॉडर्न की बालिका वर्ग अंडर-19 टीम

लोक तन्त्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा। दक्षिण बिहार एवं झारखंड के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा की बालिका वर्ग अंडर—19 हैंडबॉल की टीम राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली स्थित जेएस पब्लिक स्कूल रवाना हुई। पूर्व में सीबीएसई के द्वारा आयोजित ईस्ट जोन क्लस्टर खेल में बिहार ,झारखंड ,उड़ीसा ,उत्तर प्रदेश आदि राज्य के खिलाड़ियों को पराजित करने के बाद विजेता बनकर वापस आई।अब राष्ट्रीय स्तर पर देश के अलग—अलग जोन/राज्यों से विजेता बनकर आने वाली टीम के साथ विदेश के खिलाड़ियों के साथ इनका मुकाबला होगा। इस खेल में भारत के अलग अलग राज्यों के साथ ओमान, कतर आदि देश के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।



मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, प्राचार्य गोपाल चरण दास, उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय और सुजय कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी खिलाड़ियों को चंदौली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस से प्रस्थान किया गया। चंदौली जाने में मॉडर्न बालिका वर्ग हैंडबॉल टीम की कप्तान जानवी ,करिश्मा ,सिमरन ,काजल,श्रेया ,आरती ,अवनि वत्स, राधिका, रागिनी, सुहानी भारद्वाज ,नेहा भारद्वाज ,अदिति एवं वैष्णवी के साथ खेल शिक्षिका कल्पना कुमारी, कोच नीतीश कुमार साथ ही साथ राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अलखदेव प्रसाद टीम मैनेजर के रूप में रवाना हुए। विद्यालय के निदेशक ने सभी खिलाड़ियों को रवाना कर शुभकामना देते हुए कहा नवादा के लिए आज गर्व की बात है ।

साथ ही साथ इसमें विद्यालय के साथ—साथ इन खिलाडियों के माता—पिता का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। ताजा समाचार मिलने तक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल का पहला मुकाबला अमृत इंडो कैनेडियन एकेडमी लुधियाना से हुआ है जिसमें लुधियाना को नवादा मार्डर्न की टीम ने 13—7 से हराया। इस खेल में संयुक्त अरब अमीरात की सिटी प्राइवेट स्कूल, कतर की बिरला पब्लिक स्कूल एवं इंडियन स्कूल ओमान के बाहरी खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। बिहार एवं नवादा के साथ विद्यालय परिवार के लिए बड़े हर्ष की बात है आज मॉडर्न का नाम केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र में भी अग्रगण्य है। विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का विजेता बनने के लिए शुभकामनाएं दी है।

# मेरा प्रखंड मेरा गौरव शीर्षक से प्रतियोगिता आयोजित

लोक तन्त्र की आवाज़

अररिया । पर्यटन विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में मेरा प्रखंड मेरा गौरव शीर्षक से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य वैसे पर्यटन स्थल जो अब तक प्रकाश में नहीं आ पाए हैं उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन है। प्रत्येक प्रखंड से प्रतिभागी अपने प्रखंड के अंदर किसी ऐसे स्थल का पहचान करेगा जो अब तक अनदेखा रहा है लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी द्वारा चयनित पर्यटन स्थल का फोटो एवं वीडियो अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए, ताकि स्थल की विशेषताएँ स्पष्ट रूप से दिख सके।

वीडियो प्रतियोगिता अवधि में सूट किया हुआ होना चाहिए। प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि एक नवंबर 2024 है। पुरस्कार को चार श्रेणी में




- प्रत्येक प्रखंड से एक स्थल का चयन किया जाना है जो पर्यटन स्थल के रूप में महत्वपूर्ण हो
- प्रतियोगिता का उद्देश्य वैसे पर्यटन स्थल जो अब तक प्रकाश में नहीं आ पाए हैं उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है

विभाजित किया गया है। ज्यूरी अवार्ड, पीपुल्स चॉइस अवार्ड, सांत्वना पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार शामिल है। प्रत्येक प्रखंड से एक स्थल का चयन किया जाना है जो पर्यटन स्थल के रूप में महत्वपूर्ण हो। उसका चयन कर विभाग को अग्रसरित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी विभागीय वेबसाइट https:/www.tourism.bihar.gov.in पर निबंधन कर सकते हैं। या अधिक जानकारी के लिए पर्यटन प्रभारी सह जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# इसुआपुर, निपानिया तथा मुड़वा बाजार में धू-धू कर जला दशानन रावण

लोकतंत्र की आवाज

इसुआपुर (सारण)। स्थानीय थाना क्षेत्र के इसुआपुर, निपानिया तथा मुड़वा बाजारों पर दशानन रावण के पुतले का दहन किया गया। इसुआपुर बाजार के पास 52 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन स्थानीय विधयक जनक सिंह, वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला परिषद की उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह ,जिला पार्षद छविनाथ सिंह तथा धीरज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर आये जिला पार्षद सदस्य प्रियंका सिंह, डॉ प्रमोद कुमार को भी सम्मानित किया गया।



संचालन ढ़ोलन सिंह, अमरनाथ प्रसाद, राजेश सिंह कुशवाहा, दिलीप चौरसिया, महादेव साह ,जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, मुकेश चौरसिया व अन्य ने किया। वहीं निपनिया बजार पर पूर्व मुखिया सुरेश दास तथा रमेश सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से 50 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन किया। जबकि मुड़वा बाजार पर 45 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन महंत मनिंदर गिरी ने किया। संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद चौरसिया बीडीसी प्रतिनिधि हरेराम राम, जगलाल पड़ीत, गौतम साह व अन्य ने किया। इस मौके पर लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की। विधि व्यवस्था को लेकर सीओ करुण करण, मशरक पुलिस इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थानाध्यक्ष कमल कुमार राम भारी महिला व पुलिस बल के साथ सक्रिय दिखे

# सड़क दुर्खटना में बाईक सवार युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

बगहा। नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर रमपुरवा गांव निवासी महेंद्र सहनी के 21 वर्षीय पुत्र उदयभान के रूप में हुई है।




मिली जानकारी अनुसार उदयभान अपनी बाइक से लक्ष्मीपुर से पैतृक घर उत्तर प्रदेश के खड़ा जा रहा था। उसी दौरान सिरसिया चौक के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक करीब 10 फीट अंदर जंगल में जा गिरा। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना कि सूचना नौरंगिया थाना को दिया सुचना मिलते हाई एसआई प्रभात कुमार पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और काफी तलाश के बाद युवक को जंगल से घायल अवस्था में बरामद किया। उसे तुरंत इलाज ये लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की मां मुन्नी देवी बेटे की मौत की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचीं, जहां उनका रो—रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि उदयभान अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जिसकी शादी अप्रैल में तय थी। इस घटना से न केवल परिवार बल्कि ससुराल पक्ष में भी गम का माहौल है। उदयभान के पिता जयपुर में मजदूरी कर परिवार का पालन—पोषण करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही उन्हें भी सूचना भेज दी गई है। वहीं नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# दिल दहलाने वाली घटना: कार और बाइक की भीषण टक्कर दो युवकों की दर्दनाक मौत

लोकतंत्र की आवाज

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के तरैया—मसरख एसएच—73 मुख्य सड़क पर रामबाग के समीप शुक्रवार रात्रि में एक कार और बाइक की आमने—सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। मृतक कार सवार युवक गंडार गांव निवासी ललन राय का 21 वर्षीय पुत्र हैप्पी कुमार और दूसरा बाइक सवार पोखड़ेरा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद राय के 30 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार यादव बताया गया है।



जानकारी के अनुसार हैप्पी अपने गांव के ही एक दोस्त के कार से घूमने के लिए तरैया बाजार आ रहा था। इसी दौरान रामबाग जयहिंद ढाबा के समीप उसकी तेजरफ्तार कार ने पहले बाइक में टक्कर मारी फिर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में जाकर टकरा गई और उसके बाद कार सड़क किनारे नीचे खेत में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल तरैया थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों घायल युवकों को लेकर रेफरल अस्पताल तरैया में पहुंची। जहां कार सवार हैप्पी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक सवार धनंजय को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों उसे पटना रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक धनंजय बाहर से अपने घर तीन दिन पहले लौटा था। वह दिल्ली के एक निजी कंपनी में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार वह अपने परिजनों के साथ गंडार गांव स्थित गोरेया बाबा के स्थान पर पूजा अर्चना करने गया था। पूजा के बाद वह बाइक से अपनी मां, पत्नी व बच्चे को अपने घर पोखड़ेरा पहुंचा कर। पुनः गंडार गोरेया बाबा के स्थान पर बाइक से अपने भाई को लाने जा रहा था। तभी रामबाग एसएच—73 पर कार की ठोकर से घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि 15 महीने पहले ही धनंजय की सरिता से शादी हुई थी। जिससे एक बच्चा है। मृतक की मां मीरा देवी व पत्नी इस घटना के बाद बेसुध हो गई है। वही भाई अजय व नितेश का रो—रोकर बुरा हाल है। इधर मृतक हैप्पी भी गुजरात से दुर्गा पूजा के दौरान अपने घर लौटा था। वहां वह धागा मिल में कार्य करता था। गांव के ही एक युवक के कार में बैठकर तीन युवकों के साथ तरैया बाजार आ रहा था। तभी वह रामबाग जय हिंद ढाबा के पास कार पहले एक बाइक में ठोकर मारने के बाद सड़क किनारे पोल में जोरदार तरीके से टकरा गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जहां, घटनास्थल पर ही हैप्पी की मौत हो गई। शेष कार में सवार दो युवक बाल—बाल बच गए। हैप्पी चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। जिसकी सहारे घर चलता है। घटना के बाद मां राधिका देवी, छोटा भाई आलोक और बहन पूजा व मनीषा का रो – रोकर बुरा हाल है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन—805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर—9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद—विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।